सुप्रभात

रांची, गुरुवार
10.10.2024
khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

* * नगर संस्करण। पेज : 12 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 91






**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, डिविजनल इंजीनियर सिग्नल एवं दूरसंचार, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निम्नलिखित के लिए ई-निविदा आमंत्रित कर रहा है: विवरण पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। **ई-एनआईटी संख्या 1: एसटी-आरएनसी-एस10-पीएच-30-II दिनांक: 08.10.2024। कार्य का नाम:** हटिया-ओरगा खंड में 'मानवयुक्त एलसी संख्या एचबी-8 (एलओएम), एचबी-44 (एमसीजेड), एचबी-50 (ओआरजी) को सड़क के नीचे पुल (आरयूबी)/ सीमित ऊंचाई वाले सबवे (एलएचएस) के निर्माण द्वारा समाप्त करने के संबंध में एसएंडटी कार्यों का निष्पादन। इसमें मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में परिवर्तन/संशोधन भी शामिल है, जैसे लोधमा (एलओएम) में सीमेंस एल, महाबुआंग (एमसीजेड) में हिताची ईएल और ओरगा (ओआरजी) स्टेशनों पर हिताची ईएल।' **विज्ञापित मूल्य:** ₹1,44,99,190.04। **बयाना राशि:** ₹2,22,500.00। **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य। **ई-निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 01.11.2024 11:00 बजे। **बोली शुरू होने की तिथि:** 18.10.2024। **वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in

**ई-एनआईटी संख्या: एसटी-आरएनसी-एस03-एएमसी-ईआई-हिताची दिनांक: 08.10.2024। कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची डिवीजन के 6 स्टेशनों [पोकला (पीकेएफ), पाकरा (पीकेसी), कुरकुरा (केआरकेआर), महाबुआंग (एमसीजेड), गंगाघाट (जीएजी) और मुरी (एमयूआरआई)] पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम बनाने के लिए ओईएम/अधिकृत डीलर द्वारा पांच (05) साल की अवधि के लिए हिताची (अंसाल्डो) के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। **विज्ञापित मूल्य:** ₹3,24,81,801.00। **बयाना राशि:** ₹3,12,400.00। **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य। **ई-निविदा बंद करने की तिथि और समय:** 01.11.2024 को 11:00 बजे। **बोली शुरू होने की तिथि:** 18/10/2024। **वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in. (PR-693)


# शक्तिपुंज ट्रेन का अब मैकलुस्कीगंज में भी होगा ठहराव

- नवरात्र पर मैकलुस्कीगंज को संजय सेठ का उपहार

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नवरात्र की एक और सौगात मैकलुस्कीगंज के लोगों को दी है। अब शक्तिपुंज ट्रेन का फिर से मैकलुस्कीगंज स्टेशन में ठहराव होगा। यह ट्रेन का ठहराव कोरोना के समय से मैकलुस्कीगंज में बंद कर दिया गया था। यहां के लोगों के आग्रह पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने रेलवे मंत्री से वार्ता कर उनके पुनः शक्तिपुंज ट्रेन का ठहराव मैकलुस्कीगंज पर स्वीकृति दिलायी है। इस ट्रेन के ठहराव से खलारी और मैकलुस्कीगंज के लोगों को इसका लाभ होगा।

# झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ की सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष करने की मांग

- महासंघ के राज्याध्यक्ष आदिल जहीर ने लगायी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुहार

रांची। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, मुख्य सचिव एल ख्यांगते से महासंघ के ज्वलंत एवं लंबित मांगों में राज्यकर्मियों (सरकारी कर्मचारियों) की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने एवं सचिवालय से लेकर प्रखंड तक के चतुर्थवर्गीय कर्मियों को तृतीयवर्ग में सीधे प्रोन्नति, शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देने और रिम्स के नर्सों सहित अन्य को ओपीएस का लाभ देने, नियमित बहाली करने और अनुबंध और ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाने सहित अन्य मांगों को पूरा करने की जोरदार मांग की है। महासंघ के राज्य अध्यक्ष श्री जहीर ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सहानुभूति पूर्वक महासंघ की मांगों को पूरा कर राज्य सरकार द्वारा समस्त राज्यकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और जोश भरने का काम किया जाये।

# रांची में 11 पुलिस पदाधिकारी का तबादला, हटाए गए डोरंडा थाना प्रभारी

रांची। रांची जिलाबल में पदस्थापित में 11 पुलिस पदाधिकारी का एसएसपी ने तबादला किया है। इससे संबंधित आदेश बुधवार को जारी कर दी गई। एसएसपी ने इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो को डोरंडा थानेदार बनाा है। डोरंडा इंस्पेक्टर आनंद किशोर को सीसीआर में भेजा गा है। इसके अतिरिक्त एसआई रोशन कुमार सिंह को कांके थाना, एसआई संजीव कुमार को मेसरा ओपी प्रभारी, एसआई दिवाकर कुमार को खादगढ़ा टीओपी प्रभारी, एसआई टिंकू रजक को कांके थाना, एसआई पूजा विभूति उरांव को एदलहातु टीओपी प्रभारी, एसआई चूड़ामणि टुडू को टाटीसिलवे थाना, उदय कुमार को सिल्ली थाना, एएसआई सुरेंद्र प्रसाद को कांके थाना और एएसआई जुल्फिकार अली को रातू थाना भेजा गया है।


**Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board**
**(Government of Jharkhand Undertaking)**
4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi 834001

**Notice Inviting Very Short Re E-Tender**

**Ref. No: MMLKUVB/938** **Date: 08.10.2024**

Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board invites very short Re E-tenders from reputed Suppliers / Manufacturers / Distributors / Authorized Dealers for Supply, installation and commissioning of DG set along with setup cabling, earthing, changeover, etc. for the Honey Processing cluster at Kuru, Lohardagga, Jharkhand under the SFURTI scheme of MSME, Government of India.

Time Schedule:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Scope of Work | Supply, installation and commissioning of Dg set along with setup cabling, earthing, changeover, etc. for the Honey Processing cluster at Kuru, Lohardagga, Jharkhand. |
| 2. | Tender Fee | A non-refundable tender fee of Rs.2,360.00 (inclusive of 18% GST) (Rupees Two Thousand Three Hundred and sixty only) payable to MUKHYAMANTRI LAGHU EVAM KUTIR UDYAM VIKAS BOARD, Ranchi, Jharkhand, India. |
| 3. | Earnest Money Deposit (EMD) @ 2% of the estimated cost | Rs.8,000.00 (Rupees Eight Thousand only) payable to MUKHYAMANTRI LAGHU EVAM KUTIR UDYAM VIKAS BOARD, Ranchi, Jharkhand, India. |
| 4. | Date of publication of Bid on Website | 10.10.2024 |
| 5. | Bid Document download start date | 10.10.2024 |
| 6 | Bid submission start date | 10.10.2024, 02:00 pm onwards |
| 7. | Last date of submission of Technical & Financial Bid | 16.10.2024 by 11:30 pm |
| 8. | Opening of Technical Bid | 17.10.2024 at 12:30 pm |
| 9. | Name & address of Office inviting tender | **Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board, 4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi 834001** |

Detailed tender document, eligibility criteria etc. may be downloaded from the **website: mmlkuvb.jharkhand.gov.in/www.jharkhandtenders.gov.in** or collected from the office of the Board during office hours in between 11:00hrs to 17:00hrs on any working day.

Mukhyamantri Laghu Evam Kutir Udyam Vikas Board reserves the right to cancel or/and postpone the tender or reject any bid without assigning any reason at any point of time or stage of the tender.

Sd/- **Chief Executive Officer**

Contact Detail: Mukhyamantri Laghu evam Kutir udyam Vikas Board
4th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
Email- contact.cmlaghukutir@gmail.com, Phone: 9102216666, 9262219999

PR 338662 Mukhyamantri Laghu And Kutir Udyam Vikas Board (24-25)_D



**कोर्ट नोटिस**

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सोनभद्र**
**स्थान-राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र**

वाद संख्या - 126, सन 2023
मोनिका जायसवाल बनाम अमरेश कुमार

अमरेश कुमार पुत्र घनश्याम प्रसाद जायसवाल, निवासी हरिहरगंज मुर्गी मार्केट, थाना हरिहरगंज, पलामू, झारखंड, पिन कोड 822131.
अतएव

आपको एतददारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के अंतर्गत धारा 125 द. प्र. सं 2023 वाद दाखिल किया गया। जो मेरे न्यायालय में लंबित है। आप साधारण एवं निलंबित सूचना की अपेक्षा अभी तक न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं।

अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता दिनांक 11-11-2024 प्रातः 10:30 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें. अन्यथा ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदक एकपक्षीय सुना जाएगा और आवणारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक 9-10-24 को निकाली गयी है।

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र


## 109 करोड़ रुपये की फर्जी निकासी, सोची समझी साजिश

# सरकार सीबीआइ जांच कराये : मरांडी

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से फर्जी निकासी एक गंभीर आर्थिक अपराध है
- घोटाले के तार दूसरे राज्यों से भी जुड़े हो सकते हैं, सीआइडी जांच में सक्षम नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री को कटघरे में खड़ा करते हुये कहा कि हेमंत सरकार में झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खाते से 109 करोड़ की फर्जी निकासी हुई है, जो गंभीर आर्थिक अपराध है। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारियों पर केस दर्ज करा के राज्य सरकार फर्जी निकासी मामले में सीआईडी जांच करने का नाटक कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में सीआईडी जांच की विश्वसनीयता हमेशा शक-सवालों के घेरे में रही है। सीआईडी जांच करा के सरकार क्या बड़ी मछलियों को बचाने का प्रयास कर रही है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अरबों रुपये की धोखाधड़ी एवं इसके तार दूसरे राज्यों से जुड़े होने के संकेत हैं। ऐसे में इसकी जांच के लिए राज्य सरकार अविलंब उक्त मामले की जांच सीबीआई को सौंपे।

उन्होंने कहा कि राज्य में बैंक कर्मियों और अधिकारियों के साथ मिलकर भ्रष्टाचारियों ने बड़े पैमाने पर बिजली विभाग में सुनियोजित तरीके से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में यह ऐसा नया मामला नहीं है। इससे पहले भी मिड-डे मील योजना में ठीक इसी तरह का घोटाला सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि अनौपचारिक रूप से अधिकारियों से हुई बातचीत में यह पता चल रहा है कि करीब 500 करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी संपत्ति का गबन घोटालेबाजों एवं भ्रष्टाचारियों द्वारा किये जाने की संभावना है। यह पूरा मामला राज्य सरकार की भ्रष्ट नीतियों और लचर प्रशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पूरी घटना को क्रमबद्ध तरीके से देखें तो यह बात स्पष्ट होती है कि झारखंड के दूसरे विभागों में भी इस तरह के घोटाले हुए होंगे। इसमें बैंक अधिकारी, कर्मचारी तथा दूसरे राज्य के लोग भी मिले हुये हैं। इसलिये, इसकी जांच सीआईडी या झारखंड पुलिस के बस की बात नहीं है।

उन्होंने कहा कि विभाग के मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस मामले की तुरंत सीबीआई से जांच नहीं कराई तो यह स्पष्ट होगा कि सरकार खुद इस घोटाले को दबाने और दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह भी साफ पता चल रहा है कि ये मनी लांड्रिंग का भी मामला है। इसलिये ईडी के निदेशक से अनुरोध है कि इस मामले को हाथ में लेकर तुरंत जांच शुरू करे।

# दो आइएएस समेत राप्रसे के पांच अधिकारी बदले गये, प्रांजल बने चास के एसडीओ

- कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य सरकार ने दो आइएएस सहित राज्य प्रशासनिक सेवा के पांच अधिकारियों को बदल दिया है। जारी अधिसूचना के मुताबिक चास के अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता को योजना विभाग में अवर सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। वहीं जगन्नाथपुर पश्चिमी सिंहभूम की अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढांडा को चास का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। जेपीएससी में उप परीक्षा नियंत्रक के पद पर पदस्थापित राज्य सेवा के अफसर अनुराग लकड़ा को सिमडेगा का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। सरायकेला-खरसांवा के भू-अर्जन पदाधिकारी महेंद्र उरांव के आदेश को विलोपित करते हुए सरायकेला-खरसांवा के भू-अर्जन पदाधिकारी के पद पर यथावत बने रहने का आदेश दिया गया है। सिमडेगा के अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की को जेपीएससी का उप परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। प्रतीक्षारत उदय रजक की सेवा मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को सौंपी गई है। सिमडेगा के जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव को अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

# इएसआइसी रांची में खोलेगा मेडिकल कॉलेज : संजय सेठ

- रक्षा राज्य मंत्री के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार की मुहर लगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से रांची में एक मेडिकल कॉलेज खोलने का रास्ता साफ हुआ है। ईएसआईसी के द्वारा रांची में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा केंद्रीय श्रम एवं नियोजन मंत्री मनसुख भाई मांडवीय ने की है। विदित हो कि रक्षा राज्य मंत्री बनने के तुरंत बाद नई दिल्ली में संजय सेठ ने मनसुख मांडवीय से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के क्रम में रक्षा राज्य मंत्री ने उन्हें बताया था कि रांची में ईएसआईसी का एक अस्पताल है, जिसे बड़ा रूप दिये जाने की आवश्यकता है। रांची के ईएसआईसी अस्पताल पर झारखंड के विभिन्न संस्थाओं से जुड़े कर्मचारी आश्रित हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि अस्पताल को विस्तृत रूप दिया जाये और अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें। केंद्रीय मंत्री को मेडिकल कॉलेज खोलने से संबंधित प्रस्ताव पर भी विचार करने का आग्रह किया था। इसी आलोक में केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में ईएसआईसी के 194वें बैठक में कई घोषणा की है। रांची में एक और मेडिकल कॉलेज खोलने से जहां मेडिकल के विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई आसान हो सकेगी। उन्हें कई अत्याधुनिक सुविधा और प्रशिक्षण मिल सकेगा। वहीं इस क्षेत्र की आबादी को बेहतर स्वास्थ्य संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे।

# राज्य के पारा शिक्षकों ने फिर खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

- 17 अक्टूबर से करेंगे सीएम आवास का अनिश्चितकालीन घेराव


खबर मंत्र ब्यूरो

रांची। राज्य के पारा शिक्षक यानी झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्य इकाई ने सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में एक बार फिर से आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। मोर्चा के ऋषिकेष पाठक, बिनोद बिहारी महतो, विनोद तिवारी, नरत्तोम सिंह मुंडा और सिद्दिक शेख समेत अन्य अधिकारियों ने कहा कि संगठन द्वारा सरकार की वादाखिलाफी एवं षड्यंत्र के खिलाफ आंदोलन का निर्णय लिया गया है। इसके तहत 14 अक्टूबर को राज्य के सभी जिलों में जिला स्तरीय बैठक होगी। इसके बाद राज्य के वित्त मंत्री, शिक्षा मंत्री और गिरिडीह के सदर विधायक की शव यात्रा निकाली जाएगी।

वहीं, 15 अक्टूबर को राज्य के सभी कोटि के सहायक अध्यापक हड़ताल पर रहते हुए सरकार का पुतला दहन करेंगे। इसके बाद 17 अक्टूबर से मुख्यमंत्री आवास का अनिश्चितकालीन घेराव करेंगे। मोर्चा के सदस्यों का कहना है कि मुख्यमंत्री वायदे के अनुसार वेतनमान के वायदे को पूरा करते हुए स्टेट के रिक्त पदों पर सामंजन करें। आकलन परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को वेतनमान दें एवं अन्य शिक्षकों को समतुल्य मानदेय का भुगतान करें। इसके अलावा पूर्व के समझौता को भी अनुपालन करें। बताते चलें कि हाल के दिनों में ही मोर्चा के सदस्यों की बैठक राज्य के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के साथ हुई थी। इसमें पारा शिक्षकों को ईपीएफ का लाभ देने पर सहमति बनी थी। इसके लिए दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता भी हुआ था। परंतु बीते मंगलवार की कैबिनेट में इपीएफ पर मुहर नहीं लगने से पारा शिक्षक नाराज हो गये और आंदोलन का बिगुल फूंक दिया। उनका कहना है कि पिछली बार हेमंत सरकार ने झूठ बोलकर उनका समर्थन हासिल किया था, परंतु इस बार ऐसा नहीं होगा।

# रणेन्द्र कुमार को मिलेगा 2024 का आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान

- 9 नवंबर को यूपी के लखनऊ में दिया जाएगा यह सम्मान



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे रणेंद्र कुमार को 2024 का आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान मिलेगा।

मालूम हो कि प्रत्येक वर्ष एक कथाकार को प्रतिष्ठित आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान दिया जाता है। वर्ष 2024 का यह सम्मान झारखंड सरकार में पदाधिकारी रहे कथाकार रणेन्द्र को 9 नवंबर को लखनऊ (यूपी) में दिया जाएगा। कथाक्रम सम्मान समिति के संयोजक शैलेन्द्र सागर, वरिष्ठ कहानीकार शिवमूर्ति, रंगकर्मी राकेश और चर्चित लेखिका रजनी गुप्त ने संयुक्त रूप से इस संबंध में निर्णय लिया है।

कार्यक्रम सम्मान समिति के संयोजक शैलेन्द्र सागर के मुताबिक रणेन्द्र हिन्दी कथा साहित्य के विशिष्ट एवं चर्चित कथाकार हैं। झारखंड सरकार में सेवा देते अप्रैल 2024 में जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के निदेशक पद से रिटायर हुए थे। इसके साथ ही वे कथा साहित्य में सक्रिय रहे।

बताते चलें कि 2003 में प्रकाशित अपने पहले उपन्यास ग्लोबल गांव का देवता से वह हिन्दी साहित्य जगत में चर्चा में आए। 2014 में उनका दूसरा उपन्यास गायब होता देश भी अत्यंत चर्चित हुआ। 2021 में प्रकाशित गुंगी रुलाई का कोरस ने अपने विशिष्ट कथावस्तु और प्रस्तुति के कारण उन्हें अपूर्व प्रतिष्ठा प्रदान की। उपन्यासों के अतिरिक्त दो कहानी संग्रह और एक कविता संग्रह प्रकाशित हो चुकी है। उन्होंने चार खंडों में प्रकाशित झारखंड एनसाइक्लोपीडिया का भी संपादन किया है। उन्हें जेपी जोशी स्मृति जनप्रिय लेखक सम्मान, बनारसी प्रसाद भोजपुरी सम्मान सहित अन्य कई सम्मान मिल चुके हैं।

# झारखंड में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

- दुर्गा पूजा को लेकर मुख्यालय ने जारी किया आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड में दुर्गा पूजा महापर्व को देखते हुए राज्य के सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं। आठ अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सभी पुलिस पदाधिकारियों की छुट्टियां कैंसिल रहेंगी। इस संबंध में मंगलवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर आईजी अभियान ने आदेश जारी किया है। तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हुआ है। राज्य भर में बड़े स्तर पर दुर्गा पूजा के पंडाल लगते हैं। भारी संख्या श्रद्धालु पूजा में शामिल होते हैं। इस दौरान भक्तों की भारी भीड़ मंदिरों और पंडालों में रहती है। दुर्गा पूजा पूर्व पर शांति व्यवस्था को कायम रखने और किसी भी तरह की अप्रिय घटना न घटे, इसके चलते राज्य के सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं।

**विशेष परिस्थितियों में मिलेगी छुट्टी :** जारी आदेश में कहा गया हैं कि इमरजेंसी की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस कार्यालय में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को तैयारी की स्थिति में रखा जाये। विशेष परिस्थिति में संबंधित एसपी, डीआईजी और आईजी के द्वारा अवकाश स्वीकृत किया जायेगा।


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(जिला योजना)**
e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com

**अति अल्पकालीन अनुरोध प्रस्ताव पत्र (Very Short Term Request For Proposal (RFP))**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले के विभिन्न विद्यालयों में **तड़ित चालक यंत्र** अधिष्ठापन के लिए दर निर्धारण हेतु विभिन्न शर्त्तों के साथ अति अल्पकालीन अनुरोध प्रस्ताव पत्र (VERY SHORT TERM REQUEST FOR PROPOSAL(RFP)) की प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/फर्म **दिनांक 16.10.2024 के अपराह्न 12:00 बजे तक** शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद RFP एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जायेगा एवं **दिनांक–16.10.2024 के अपराह्न 02:00 बजे** प्राप्त RFP को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले RFP पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

RFP के नियम एवं शर्त्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी आदि समाहरणालय, हजारीबाग के अधिकारिक वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त
हजारीबाग

PR 338598 Planning and Development (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला**
**mail-rdsdgumla123@gmail.com**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/18/2024-25 (2nd Call)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Bridge over Baghmara Nala in Village Nawatoli, GP- Surhu, under **Block – Kamdara**, District- Gumla. (4 Spna 6.00x6.00 M Size) | 64,52,700.00 | 1,30,000.00 | 10,000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 15.10.2024 से दिनांक 19.10.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 21.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 6524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 338700 Rural Development(24-25).D


# सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पथ निर्माण विभाग पर लगाया 106.69 करोड़ के टेंडर घोटाला का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**मुख्य सचिव से की उच्च स्तरीय जांच की मांग**

सांसद ने उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की है। साथ ही संलिप्त संवेदक एवं पदाधिकारियों के आय संबंधित धनोपार्जन की भी जांच कराने की मांग की है।

रांची। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पथ निर्माण विभाग में 106.69 करोड़ के टेंडर घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने टेंडर में बरती गई अनियमतता की कॉपी भी उपलब्ध कराई है। इस मामले को उन्होंने मुख्य सचिव, ईडी, सीबीआई सहित सभी जांच एजेंसियों को पत्र लिखा है। मुख्य सचिव सहित जांच एजेंसियों को लिखे पत्र में कहा है कि वर्तमान में राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग के द्वारा आमंत्रित व आबंटित निविदाओं में अनियमितता बरती जा रही है। इससे सरकार को वित्तीय क्षति हो रही है। विभाग के पदाधिकारियों द्वारा कई निविदाओं में बीओक्यू राशि से ज्यादा राशि पर कुछ विशेष प्रतिभागी निवेदाकारों को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा कार्यों का निस्तारण व आवंटन किया जा रहा है। जिन निविदाकारों के पक्ष में निविदा कार्यों का आवंटन किया गया है उनमें से अधिकतर निविदाकार की न्यूनतम निविदा राशि उस निविदा कार्य के बीओक्यू राशि से अधिक है।

**निविदा की भावनाओं के खिलाफ हुआ काम**

कई निविदाकार जो पथ निर्माण विभाग के तहत समुचित श्रेणी में निबंधित हैं तथा निविदा आमंत्रण व एसबीडी द्वारा निर्धारित सभी शर्तों व अहर्ताओं को पूर्ण करते हैं और बीडिंग की प्रक्रिया में शामिल भी हुए हैं, जिनका न्यूनतम निविदित राशि आमंत्रित निविदा के बीओक्यू राशि से भी कम है, उनके पक्ष में निविदा का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। इन निविदाकारों की निविदाओं को जान बूझकर नॉन रेस्पोंसिव घोषित कर एवं बिना उनका पक्ष सुने निरस्त कर दिया जा रहा है। जो कि नैसर्गिक न्याय के मूल सिद्धांत एवं निविदा के भावनाओं के खिलाफ है।

**चहेते को मिल रहा टेंडर**

विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा कुछ चुने गये कुछ विशेष निविदाकार जिन्होंने कारटेल का गठन किया है उन्हें ही कार्य आवंटित किया जा रहा है। बाकी प्रतिभागी निविदाकारों के निविदा को अकारण नॉन रेस्पोंसिव घोषित किया जा रहा है। योग्य एवं लोकल निविदाकारों को निविदा से अकारण नॉन रेस्पोंसिव कर निविदा प्रतिभागिता से हटाया जा रहा है। विशेष निविदाकार को ही निविदा में टेक्नीकली क्वालिफाई किया जा रहा है। साथ ही उन्हें अधिक दर पर कार्य आवंटित किया जा रहा है।

**राज्य को हो रही आर्थिक क्षति**

झारखंड सरकार के ई-टेंडर पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के आधार पर एक तालिका भी सांसद ने मुख्य सचिव सहित सभी जांच एजेंसियों को भेजा है। जिसमें कहा कि तालिका देखने से स्पष्ट हो रहा है कि सरकार के द्वारा निविदाकारों को टेक्नीकली क्वालिफाई कर सिर्फ दो-तीन निविदाकारों के फाइनांशियल पार्ट को खोला जा रहा है। ये विशेष रूप से चयनित निविदाकार होते हैं। उन्हें अधिक मूल्य पर कार्य आवंटित किये जा रहे हैं, जिससे सरकार को आर्थिक क्षति हो रही है। विभागीय पदाधिकारियों द्वारा इस तरह की कार्यप्रणाली किसी भी तरह से अपेक्षित नहीं है।

# खबर मन्त्र


रांची, गुरुवार
10.10.2024
khabarmantra.net
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
नगर संस्करण। पेज : 12 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 91



12 फिल्म भूल भुलैया-3 का ट्रेलर रिलीज

## मां का आठवां स्वरूप

### महागौरी



श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव-प्रमोद-दा॥

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। नाम से प्रकट है कि इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चन्द्र और कुन्द के फूल से दी गयी है। इनकी आयु आठ वर्ष की मानी गयी है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र श्वेत हैं इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए इनको वृषारूढ़ा भी कहा गया है। इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा तथा नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले बाएं हाथ में डमरू धारण कर रखा है और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है। इनकी पूरी मुद्रा बहुत शांत है। पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इसी कारण से इनका शरीर काला पड़ गया परंतु तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर कान्तिमय बना दिया। उनका रूप गौर वर्ण का हो गया। इसीलिए यह महागौरी कहलायीं। यह अमोघ फलदायिनी हैं। इनकी पूजा से पूर्वसंचित पाप भी नष्ट हो जाते हैं। महागौरी की कृपा से अलौकिक सिद्धियां भी प्राप्त होती हैं। मान्यता है जो महिलाएं मां की की पूजा भक्ति भाव से करती हैं उनके सुहाग और संतान की रक्षा देवी स्वंय करती हैं। इन्हें अन्नपूर्णा, ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी भी कहा जाता है। महादेव-प्रमोद-दा का अर्थ है महादेव को आनंद देनेवाली ।

झामुमो ने चुनाव आयोग से मांगी अनुमति

# मंइयां सम्मान योजना के बाद हेमंत सरकार महिलाओं को हर महीने देगी 2500 रुपये !

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने चुनाव आयोग से भाजपा की गोगो दीदी योजना के फॉर्म भराने पर कार्रवाई करने की मांग की है या नहीं तो झामुमो को भी सम्मान योजना के फॉर्म भरवाने की अनुमति देने को कहा है। झारखंड में एक तरफ मंइयां सम्मान योजना की धूम मची है, लेकिन इसे मात देने के लिए बीजेपी गोगो दीदी



योजना लेकर आयी है जिसमें महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये और साल में 25 हजार रुपये देने के लिए फॉर्म भी भरवा रही है। इस लेकर झामुमो ने कड़ा ऐतराज जताया है और चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है।

**चुनाव आयोग से मांगी झामुमो सम्मान योजना की अनुमति :** झामुमो ने चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा और कहा कि बीजेपी राज्य की महिलाओं से लोगों से गोगो योजना का फॉर्म भरवा रही है इसलिए उनकी पार्टी को भी योजना संबंधी फार्म भरवाने की अनुमति चुनाव आयोग दे।

## रांची के दुर्गाबाटी में असली जेवरातों से मां दुर्गा का अलौकिक शृंगार

**दुर्गोत्सव 2024**

राजधानी रांची के दुर्गा बाटी में पूजा-अर्चना बंगाली समाज की ओर से बंगाली रीति रिवाज के साथ की जाती है। इस दौरान देवी दुर्गा की पूजा विभिन्न रूपों में की जाती है। बुधवार की सुबह कलपारण के साथ 7:32 मिनट पर षष्टी पूजा आरंभ की गयी और शाम 6:30 बजे माता का शृंगार किया गया। वहीं शाम 7:00 बजे आरती हुई। आपको बता दें कि यहां माता का शृंगार असली जेवरात से किया जाता है।



चुनाव खत्म होते ही मोदी सरकार के तीन बड़े फैसले

# 2028 तक मुफ्त राशन

**केंद्रीय कैबिनेट**

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत गरीबों को मुफ्त चावल की आपूर्ति अब दिसंबर 2028 तक जारी रहेगी। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद मोदी सरकार ने मुफ्त चावल की सप्लाई जारी रखने समेत तीन बड़े फैसले लिये हैं। पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 2028 तक मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दे दी।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि फोर्टिफाईड चावल की पीएमजीकेएवाई (खाद्य सब्सिडी) के हिस्से के रूप में सरकार के शत प्रतिशत वित्त पोषण के साथ जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति से एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी कम होगी। इस पर कुल 17,082 करोड़ रुपये खर्च होंगे और पूरा वित्त पोषण केंद्र सरकार द्वारा किया जायेगा। इसका लाभ देश के लगभग 80 करोड़ गरीबों को मिल रहा है।

**सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास पर जोर :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया है। इसको ध्यान में रखते हुए कैबिनेट ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में 4,406 करोड़ रुपये के निवेश से 2,280 किमी सड़क निर्माण को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देना, यात्रा में सुधार करना और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के साथ बेहतर संपर्क सुनिश्चित करना है।

**राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर को मंजूरी :** श्री वैष्णव ने कहा कि गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर विकसित किया जायेगा। मंत्रिमंडल ने इसकी मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करना और दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री विरासत परिसर बनाना है। इसपर 1,238.05 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आयेगी।

## दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर जड़ा ताला



**नयी दिल्ली।** देश की राजधानी की राजनीतिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। बुधवार को पीडब्ल्यूडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के सरकारी आवास को अवैध इस्तेमाल के आरोप में सील कर दिया। इस आवास का पता 6 फ्लैग स्टाफ रोड है, जहां अब डबल लॉक लगा दिया गया है। अरविंद केजरीवाल ने सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद इसे खाली किया था और तब से नयी मुख्यमंत्री आतिशी इसमें रह रही थीं। दिल्ली सीएमओ ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री आवास खाली कराया गया। सीएमओ का आरोप है कि भाजपा के इशारे पर उपराज्यपाल ने जबरन सीएम आतिशी का सामान सीएम आवास से निकाला।

## राहुल व खड़गे से मिले सीएम हेमंत, सीट शेयरिंग पर चर्चा

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली/रांची।** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों की हलचल तेज हो गयी है। बुधवार शाम सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली पहुंचे और वहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीनों नेताओं ने कांग्रेस और झामुमो के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत की। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे आवास पर हुई इस मुकाकात में हेमंत के साथ उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। इस दौरान कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल भी थे।

सूत्रों के मुताबिक दोनों पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व के बीच यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। बता दें कि इस साल के अंत में झारखंड विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव में दोनों पार्टियां गठबंधन के तहत मैदान में उतरेंगी। दोनों ही पार्टियां यह चाहेंगी कि चुनाव से पहले सीट शेयरिंग पर बात फाइनल हो जाये। यह भेंट इसलिए भी अहम मानी जा रही है, क्योंकि हरियाणा में चुनाव हारने के बाद कांग्रेस पर सहयोगी पार्टियों का दबाव बन रहा है। कांग्रेस अभी सहयोगियों के दबाव में होगी क्योंकि हरियाणा चुनाव में इंडिया गठबंधन के सहयोगियों ने कांग्रेस पर अनदेखी का आरोप लगाया था। सहयोगी दलों ने कांग्रेस की खिचाई करते हुए कहा था कि कांग्रेस की हार इस वजह से हुई है क्योंकि उसने सहयोगियों की मदद नहीं ली।

## न्यूज डायरी

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 14 को

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक 14 अक्टूबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाएंगे। बैठक दिन के 12 बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लगने वाले आदर्श आचार संहिता के पहले यह आखिरी बैठक होगी। राज्य सरकार इस दिन कई लोक लुभावन निर्णय ले सकती है।

### कांग्रेसियों के बयान पर चुनाव आयोग नाराज

**नयी दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयान पर चुनाव आयोग ने नाराजगी जतायी है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर कहा है कि पार्टी नेता जयराम रमेश और पवन खेड़ा की टिप्पणियां सही नहीं है। कांग्रेस ने हरियाणा चुनाव के परिणाम को अप्रत्याशित और अनपेक्षित बताया है। बता दें कि चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने रिजल्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इसे तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हार बता दिया।

### झारखंड रणजी टीम में ईशान को मिली कप्तानी

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) ने 2024-25 के लिए रणजी टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान ईशान किशन को सौंपी गयी है। रणजी ट्रॉफी के 2024-25 सत्र में झारखंड एलिट ग्रुप डी में असम, रेलवे, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, सौराष्ट्र, दिल्ली और तमिलनाडु के साथ है। 11 से शुरू हो रही प्रतियोगिता में झारखंड का पहला मुकाबला असम के साथ है।

# पलामू के डिप्टी इलेक्शन अफसर सेवा से बर्खास्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पलामू के डिप्टी इलेक्शन अफसर और जेपीएससी सेकेंड बैच के अफसर कानू राम नाग को गलत जाति प्रमाण पत्र देने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। कार्मिक विभाग की ओर से इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार नाग ने सेकेंड जेपीएससी में मुंडा जाति का प्रमाण पत्र देकर नौकरी हासिल की थी, जबकि वे तमाड़िया जाति से हैं। तमाड़िया अत्यंत पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में आता है।

**जाति छानबीन समिति की रिपोर्ट पर हुए थे निलंबन मुक्त :** जाति छानबीन समिति की ओर से दिये गये प्रतिवेदन में बताया गया था कि तमाड़िया को मुंडा उपजाति के रूप में होने का प्रमाण है। इस कारण कानू राम नाग तमाड़िया जाति का सदस्य होने के नाते मुंडा जनजाति की अर्हता रखते हैं। इस आधार पर कानू राम नाग को निलंबन मुक्त भी किया गया। इसके बाद सरकार ने फिर से की समीक्षा की। विभागीय समीक्षा में पाया गया कि मुंडा की अनेक उपजातियों में से संविधान (एसटी) आदेश-1950 के तहत मुंडा एवं महली क्रमांक-24 एवं 22 पर अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित है। वर्ष 2003 में मुंडा के बाद पातर को शामिल किया गया है। मुंडा की अन्य उपजातियों, जो सूची में सूचीबद्ध नहीं है, वह संविधान के अनुसार अनुसूचित जनजाति नहीं है।

वहीं यह भी स्पष्ट किया गया कि सेकेंड जेपीएससी परीक्षा के अधिसूचना प्रकाशन एवं राज्य सरकार में नाग के योगदान तिथि तक तमाड़िया जाति अनुचित जनजाति के सूची में शामिल नहीं है। उनके द्वारा फर्जी तरीके से इसे मुंडा जाति के उपजाति बता कर अनुचित जनजाति का प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया है।

## वज्रपात से एक ही परिवार के चार की मौत, दो गंभीर

**महुआडांड़।** पलामू जिले के महुआडांड प्रखंड के ओरसापाठ मे बुधवार को मूसलाधार बारिश के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार एक साथ 13 लोग बगान में कार्य कर रहे थे। इस दौरान बारिश से बचने के लिए छह लोग पास की पुलिया में शरण लेने चले गए। इसी दरम्यान वज्रपात की चपेट में आ गये और सभी घायल हो गये। सभी घायलों को सीएचसी महुआडांड़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने संजय नगेसिया, लल्लू नगेसिया, रविशंकर नगेसिया एवं जितेंद्र लोहरा को मृत घोषित कर दिया। जबकि राजेश नागेसिया और पंचम लोहरा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। वहीं मृतक के आश्रित को मुआवजा दिलाने का भी आश्वासन दिया।





रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव, 6.5% पर रखा बरकरार

# लोन महंगे नहीं होंगे, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने बुधवार को नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में लगातार 10वीं बार कोई बदलाव नहीं किया। रेपो रेट 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा। आरबीआई के इस फैसले से लोन महंगे नहीं होंगे और ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के बाद इसकी घोषणा की। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी की बैठक में यह फैसला 5-1 की बहुमत से लिया गया। रिजर्व बैंक ने आखिरी बार फरवरी 2023 में रेपो रेट 0.25 फीसदी बढ़ाकर 6.50 फीसदी किया था।

शक्तिकांत दास ने बैठक में लिये गए फैसलों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने सामान्य मानसून के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 फीसदी रहने का अपना अनुमान बरकरार रखा है।



### क्या होता है रेपो रेट

रेपो रेट वह दर है जिस पर रिजर्व बैंक किसी भी तरह की कमी की स्थिति में वाणिज्यिक बैंकों को पैसे उधार देता है। आरबीआई रेपो दर का उपयोग मौद्रिक प्राधिकरण मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए करते हैं।

### जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का अनुमान

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में वास्तविक जीडीपी में वृद्धि 6.7 फीसदी हुई है। श्री दास ने कहा कि घरेलू मांग में सुधार, कच्चे माल की कम लागत और सरकारी नीतियों से विनिर्माण क्षेत्र में आ रही तेजी की वजह से चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान है। वहीं चौथी तिमाही के लिए 7.4 फीसदी और वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए 7.3 फीसदी कर दिया गया है।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 70300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 91000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख



स्पीड न्यूज

### पुस्तकालय-सभागार भवन का शिलान्यास



**नीलांबर पिताबंरपुर पलामू।** लेस्लीगंज बाजार स्थित पुराने ब्लॉक परिसर में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के विधायक निधि से वैदिक पुस्तकालय भवन सह सभागार का शिलान्यास किया गया। जिसका शिलान्यास जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया। जिला विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता ने कहा कि यह वैदिक पुस्तकालय शिक्षा जगत में नया दीप जलायेगा। मौके पर सनातन धर्म के अध्यक्ष अजीत तिवारी, प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, निर्मल मेहता, मुखिया मंदीप मेहता, सुनील कुशवाहा, दिलीप मेहता, अजय पासवान थे।

### दशहरा को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट



**विश्रामपुर (पलामू)।** दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है। इस बार पुलिस के साथ एंबुलेंस और मेडिकल टीम भी तैनात रहेगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से समय रहते निपटा जा सके। इसकी जानकारी देते हुए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि सभी पूजा कमेटियों को मेडिकल कीट भी दिया जा रहा है। यह मेडिकल कीट पूजा कमेटियों को आकस्मि स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा। मौके पर पीआर बीपीएम पंकज पांडेय, मिथलेश दुबे भी थे।

### प्रभु श्रीराम के चरित्र को जीवन में उतारें



**सतबरवा।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि भगवान श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। उनके बताये रास्ते पर चलने से हम सब के दुख दूर हो सकते हैं। श्री चेरो ने पोलपोल के शिवबेल घोरही गांव में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण यज्ञ के 12वें अधिवेशन पर बोल रहे थे। वृंदावन की कथावाचक केशव प्रिया भारद्वाज ने कहा कि मानस पाठ के अनुश्रवण करने से अपने आप ही दुख दूर हो जाते हैं तथा हमें जीवन जीने में काफी सहयोग करती है। मौके पर भरदुल सिंह, अर्पण गुप्ता, अधिवक्ता संतोष पांडेय, सरजा के पूर्व मुखिया आनंद कुमार, बिपिन सिंह मौजूद थे।

### नृत्य एकेडमी एक नयी शुरुआत : साहेब



**मेदिनीनगर।** महेंद्र आर्केड में नित्यांगनी डांस एकेडमी खुला। इसका उद्घाटन सोनू नामधारी के पुत्र साहेब नामधारी और एकेडमी के डायरेक्टर राजन वर्मा ने किया। श्री नामधारी ने बताया कि राजन वर्मा एक एक्सपर्ट नृत्य अध्यापक है काफी लोग इनके नृत्य से प्रभावित है। राजन ने कहा कि कला की दुनिया और भी विस्तार ले रही है। आज गीत नृत्य संगीत प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से जुड़ा है। मौके पर बॉलीवुड निर्देशक रतन रवानी, पंकज लोचन, अशोक प्रसाद, विनय मेहता, अर्चना वर्मा, श्वेता जैन भी थे।

### छतरपुर में निकाली गयी कलश यात्रा




**छतरपुर पलामू।** अनुमंडल मुख्यालय में दशहरा धूमधाम के साथ सभी पूजा पंडाल में की जा रही है। शक्ति की देवी मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाल नगर भ्रमण कर मनदेया नदी से जल भर कर पूजा पंडाल श्रद्धालु पहुंचे। जिसमें मां शक्ति संघ बाजार परिसर, युवा जन जागृति मंडल ठाकुरबाड़ी, ॐ शक्ति संघ बारा, बिरसा मुंडा पूजा समिति मसिहानी, युवा विकास मंडल मसिहानी दुर्गा पूजा समिति रामगढ़ के लोग गाजे बाजे और घोड़े पर सवार होकर सराबोर कर दिया है।

### मां दुर्गे की भक्ति में अद्भुत शक्ति : अंजू



**विश्रामपुर (पलामू)।** अंजू अभिमन्यु टीम की सुप्रीमो सह पूर्व विस प्रत्याशी अंजू सिंह सप्तमी को क्षेत्र के कई पूजा पंडालों में जाकर पूजा अर्चना की। विश्रामपुर जोड़ा मंदिर और रेहला विशुनपुर टोला में आयोजित बेल पूजन यात्रा में शामिल हुईं। मंगलवार की रात कई गांवों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन किया। अंजू ने कहा कि आदि शक्ति मां दुर्गे की भक्ति से अद्भुत शक्ति मिलती है। मौके पर टीम के केंद्रीय नेता नईमुद्दीन अंसारी, मीडिया प्रभारी राहुल दुबे, नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू, प्रवीन सिंह, उस्मान अंसारी, सुनील सिंह थे।

### दलित-आदिवासी हो रहे वंचित : रामदेव



**मेदिनीनगर।** अधिवक्ता सह राजद नेता रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि डालटनगंज भंडरिया विस क्षेत्र सहित पलामू प्रमंडल में सी एन टी एक्ट के तहत आदिवासी, आदिम जनजाति, दलित एवं अति पिछड़ा वर्ग की खतियानी और सरकार द्वारा बंदोवस्त गैरमंजरूवा भूमि को बिक्री एवं हस्तांतरण धड़ले समान्य लोगों के साथ कर दिया जा रहा है। वैसे पीड़ित न्यायालय की दौड़ लगाकर परेशान हैं, इससे दलित-आदिवासी अधिकार से वंचित हो रहे हैं।

### चियांकी में महिंद्रा वर्कशॉप सेंटर खुला



**मेदिनीनगर।** महिंद्रा ट्रक एंड बस डिवीजन ने पलामू में एक नये सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह सर्विस सेंटर चियांकी हवाई अड्डा के सामने खुला है। इसका उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर सेवा और समर्थन देना है। उद्घाटन समारोह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी संजय शर्मा एवं संजय ऑटोमोबाइल इंजीरियरिंग एंड स्पेयर सर्विस सेंटर के संचालक संजय कुमार ने ग्राहक का अभिनंदन किया और कंपनी के बारे मे जानकारी दी।

# असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक है दुर्गा पूजा : डॉ मेहता

■ विभिन्न पूजा पंडालों में आयोजित कलशयात्रा में शामिल हुए विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर/तरहसी।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता बुधवार को नीलांबर पीतांबरपुर एवं तरहसी प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में आयोजित कलशयात्रा में शामिल हुए। मौके पर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से लोगों में भक्ति भावना का संचार होता है। इसके साथ ही इलाके में सुख समृद्धि व शांति आती है। आपसी एकता व भाईचारगी भी बनती है।



**कलशयात्रा का शुभारंभ करते विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।**

सभी जाति के लोग एक साथ माता की आराधना में शामिल होते हैं। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। रावण बहुत बड़े प्रतापी व ज्ञानी राजा थे लेकिन वह घमंडी,अत्याचारी था जिसके कारण भगवान राम ने उसे मारने का काम किए। दुर्गा पूजा में मां की आराधना होती है इसलिए हम सभी लोगों हमेशा महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। इसके साथ ही हमलोगों को हमेशा सत्य के साथ खड़ा रहना चाहिए। क्योंकि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन कभी पराजित नहीं हो सकता है। मौके पर संयोजक जगलाल सिंह, अध्यक्ष शम्भू राम, सचिव सतेन्द्र ठाकुर,अनुज सिंह, बच्चन ठाकुर चंदन सिंह, वशिष्ठ सिंह, सुधीर तिवारी, विरेन्द्र शर्मा, सदस्य ओमप्रकाश शर्मा, मिथिलेश सिंह, अनिश सिंह आदि थे।

# पांकी के पूर्व विधायक ने सतबरवा के कई पूजा पंडालों का किया भ्रमण

›› मां दुर्गे की प्रतिमा का दर्शन कर मांगा आशीर्वाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने बुधवार को सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत क्रमशः बोहिता, रेवारातु, धावाडीह व घुटुआ के पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमा का दर्शन कर आशीर्वाद मांगा। बिट्टू सिंह ने कहा दुर्गा पूजा सनातन धर्म में काफी श्रद्धा के साथ-साथ शुद्धता के साथ पूजा अर्चना की जाती है। मां दुर्गे का आराधना करने वाली हर एक श्रद्धालु की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। कहा कि मां जगदंबे को शक्ति का प्रतीक माना जाता है उन्होंने सत्य की विजय कई असुरों का वध किया था।दुर्गा पूजा को सभी धर्म समुदाय के लोगों को मिलजुल कर मनाने की जरूरत ताकि क्षेत्र में अमन चैन के साथ-साथ एकता कायम बनी रहे।



**खास बातें :** उन्होंने कहा कि कुछ लोग जाति धर्म के नाम पर क्षेत्र की जनता आपस में लड़ने का में जुटे हुए हैं। मगर पांकी विधानसभा क्षेत्र जनता वैसे लोगों से वाकिफ है। इस मौके पर उन्होंने पूजा कमेटी के लोगों को आर्थिक सहयोग किया तथा नवरात्र की शुभकामना दिया। मौके पर प्रखंड प्रमुख पति युगल किशोर राम, पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, कांग्रेस के लेस्लीगंज प्रखंड सुरेंद्र शुक्ला, समाजिक कार्यकर्ता श्याम बिहारी प्रसाद, उमेश यादव, संजय यादव, गुड्डू साव, करमचंद साव, बुधन राम, बबलू यादव, राज देव राम, ललित राम, मंदीप तिवारी अशोक मिश्र, जितेंद्र सिंह, राजकुमार यादव, राहुल सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

बिश्रामपुर के विभिन्न वार्डों में विधायक ने किया छह पीसीसी पथों का शिलान्यास

# जात पात नहीं सिर्फ विकास की बात करता हूं : रामचंद्र चंद्रवंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बुधवार को विश्रामपुर नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से छः पीसीसी पथों का शिलान्यास किया। समारोह की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि मैं विरोधियों की तरह न तो आरोप प्रत्यारोप की राजनीत करता हूं और न ही जात पात की.में सिर्फ विकास की राजनीत करता हूं। इसलिए विरोधियों को मेरे बजाए मेरे द्वारा कराए गए काम जबाव देते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क ही विकास का पहला पैमाना होता है इसलिए क्षेत्र का सभी महत्वपूर्ण सड़कों का पक्कीकरण कराया। क्षेत्र का हर गली नली को बनवाया जो भी गली नली छूट गए हैं, उसे भी जल्द बनवाया जायेगा। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद को पूर्ण विकसित करना हमारा संकल्प है जिसे आम लोगों के सहयोग से पूरा करूंगा। मौके पर सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, इदरीश हवारी, थाना प्रभारी सौरभ कुमार,सिटी मैनेजर प्रभात कुमार,नगर प्रबंधक सुभाष हेमब्रेम, समाजसेवी विजय कुमार रवि, सलीमुदिन अंसारी, वार्ड पार्षद दिनेश शुक्ला, नरेंद्र राम उर्फ गुड्डू, सोनू दुबे, शमीम अंसारी, विशाल कुमार, उदेश्वर यादव, संजय महतो, सुमंत चंद्रवंशी, भूषण चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।



**शिलान्यास करते विधायक चंद्रवंशी व अन्य।**

# मां दुर्गे की पूजा से पूरी होती हैं मनोकामनाएं : केएन त्रिपाठी

■ सुआ कौड़िया झरिवा शिव मंदिर समेत कई जगहों पर नवरात्रि को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/रामगढ़।** सदर प्रखंड के कौड़िया, बखारी व कुण्डेलवा गांव और चैनपुर प्रखंड के निमिया व हरिनामाड़ में दुर्गा पूजा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। सुआ कौड़िया झरिवा शिव मंदिर से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी समेत हजारों महिला, पुरूष, वृद्ध व बच्चे शामिल हुए। श्री त्रिपाठी माथे पर कलश उठाकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल तीनकोनिया होते तेलियाबांध कोयल नदी चौधरी घाट पहुंची। जहां विद्वानों ने श्रद्धालुओं को कलश में जल भरवाया। श्रद्धालु पुनः मंदिर परिसर पहुंच कलश स्थापित किये। कलश यात्रा में जय मां दुर्गे के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान व भक्तिमय हो गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि मां भगवती से प्रार्थना करता हूं कि पूरा पलामू वासियों और झारखंड वासियों खुशहाल रखें। नवरात्र में मां दुर्गे की उपासना व पूजा अर्चना से भक्तों के सभी मनोकामना पूर्ण होते हैं। कलश यात्रा में कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, समाजसेवी उपाध्याय सिंह, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, विनोद चौधरी, जितेंद्र प्रसाद साव, पिंटु साव, बबलु दूबे, उपेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।



**कलश यात्रा में शामिल पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी व उपस्थित श्रद्धालु।**

## विश्रामपुर विधायक ने सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

■ सप्तमी को खुला पूजा पंडालों का पट, मां की दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद और आंचलिक क्षेत्र में सप्तमी को विशेष पूजा अर्चना के बाद सभी पूजा पंडालों का कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। कपाट खुलते ही मां के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विश्रामपुर नप मुख्यालय के गढ़ मुहल्ला स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल का विधिवत उदघाटन पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। इसके बाद उन्होंने मां कालरात्रि की धार्मिक मंत्रोचारण के बीच पूजा की। उन्होंने क्षेत्र की हरियाली और खुशहाली का कामना की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, इदरीश हवारी, सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, थाना प्रभारी सौरभ कुमार, संत पॉल के निदेशक एस एम एस्ले, सुमंत चंद्रवंशी, शशि भूषण चंद्रवंशी, पूजा कमेटी अध्यक्ष राकेश केशरी, कोषाध्यक्ष जयंत चौहान, सचिव संजय राम व गजेंद्र कुमार चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी करण कुमार, अमन चंद्रवंशी आदि थे।



## सिंगरा में पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कलश यात्रा 12 को, तैयारी पूरी

■ 16 को अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन और विद्वत संगोष्ठी कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि महायज्ञ की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। 12 अक्टूबर को भव्य व ऐतिहासिक कलश यात्रा होनी है। कलश यात्रा सुबह 11 बजे से महायज्ञ स्थल से निकलेगा जो मेदिनीनगर शहर का भ्रमण कर पुनः सिंगरा अमानत नदी तट पहुंचेगी। जहां यज्ञाचार्य विधिवत पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु कलश में जल भर कर महायज्ञ स्थल पर पहुंचेंगे। विशेष पूजा अर्चना के बाद यज्ञशाला परिसर में कलश स्थापित किया जाएगा।



अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने बताया कि कलशयात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को खुद से कलश लेकर आना पड़ेगा। बताया कि 16 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन एवं विद्वत संगोष्ठी होगी। महायज्ञ परिसर में 11 से ही संत महात्मा प्रवचन करेंगे।

### सगुना अमर ज्योति क्लब ने निकाली कलश यात्रा



**पाटन पलामू।** ग्राम पंचायत सगुना के ग्राम सगुना में सप्तमी के दिन अमर ज्योति क्लब सगुना ने भव्य मां जगदंबे की कलश यात्रा निकाली। जिसमें सगुना मुखिया मंजू देवी, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह शामिल थे। कलश यात्रा में मां दुर्गे की उदघोष से वातावरण शुद्ध हो गया। यात्रा में करण चंद्रवंशी, गोलू कुमार, करण शर्मा, अमर शर्मा, जयराम मिस्त्री, विजय मिस्त्री, सिकंदर मिस्त्री, राजूराम, महेंद्र भुइयां, पप्पू पांडे, मंटू पांडे, राकेश सिंह, आशीष सिंह भी थे।

### दुर्गा पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**पांडू पलामू।** प्रखंड के पंचायत मुसीखाप के ग्राम सिबंडीह में दुर्गा पूजा पर न्यू दुर्गा क्लब ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। मुख्य अतिथि पांडू जिला पार्षद सदस्य मीना देवी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि इस तरह सांस्कृतिक कार्य करने से आपसी प्रेम बढ़ता है। कार्यक्रम में पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न सिंह उर्फ सिंटू सिंह, पांडू मुखिया संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं क्षत्रिय जागृति मंच के अध्यक्ष अविनाश सिंह उर्फ सिंटू, राजद प्रदेश अध्यक्ष पप्पू सिंह, कृष्णविजय सिंह भी थे।

## सरकार के विकास कार्यों से घबरा गयी भाजपा : रामचंद्र

■ मनिका विधायक ने किया पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार के विकास कार्यों भाजपा घबरायी हुई है जिसके कारण राज्य की जनता को योजना के नाम पर दिग्भ्रमित करने में लगी है। मगर राज्य की जनता भाजपा नेताओं के झांसे में आने वाली नहीं है। ये बातें बुधवार को प्रखंड क्षेत्र कसियाडीह तथा पिपरा गांव में बोल रहे थे। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण के तहत कसियाडीह रांची रोड से लंका भाया पिपरा कला हलुआ चट्टान रांकी कला तक विशेष मरम्मत कार्य तथा पिपरा गांव में सिंह यादव के घर से मांड़न तक विधायक कोटे की राशि से सड़क के शिलान्यास के मौके पर बोल रहे थे।



## किराना दुकान में चोरों ने की चोरी

**मोहम्मदगंज पलामू।** थानान्तर्गत कादलकुर्मी गांव स्थित एक किराना दुकान में मंगलवार की रात्रि चोरी की घटना हुई है। इस सम्बंध में भुक्तभोगी विनोद राम चंद्रवंशी ने मोहम्मदगंज थाना में लिखित सूचना दी है। जिसमें 6 हजार 50 रुपया नकद सहित हजारों रुपये के समान के चोरी होने की बात कही है। इस संबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की सूचना मिली है, पुलिस मामले की छानबीन व अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

## जूते में छिपाकर अफीम बेचने वाला गिरफ्तार, गया जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि कचरवा डेम रोड संत जेवियर स्कूल के सामने नहर रोड के पास दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से अफीम की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कचरवा डेम रोड पर पहुंचते ही एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस बल ने तत्परता से घेराबंदी कर उस व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम इजराईल आलम उर्फ गोल्डेन आलम (उम्र 20 वर्ष, पिता कलीम मियां, निवासी जमना, थाना तरहसी, जिला पलामू) बताया।



### विधायक ने किया कलश यात्रा का शुभारंभ



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा यंग इंडिया क्लब के द्वारा आयोजित कलश यात्रा को फीता काट कर विधायक आलोक चौरसिया ने शुरुआत की। मौके पर जिप रामलव चौरसिया, पूर्व जिप सदस्य विकास चौरसिया (संटू), पूर्व मुखिया भीष्म चौरसिया, अशेष प्रसाद, कमल किशोर चौरसिया, लालबहादुर चौरसिया, शशि चौरसिया कलश और कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश चौरसिया के अध्यक्षता में प्रस्थान कर जल उठाया।

### बूथों पर सुविधाएं उपलब्धता करायें : कमिश्नर



**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त सह मतदाता सूची प्रेक्षक बाल किशुन मुंडा अपने कार्यालय में मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव, 2024 के दृष्टिगत पलामू प्रमंडल के तीनों जिले के मतदान केंद्रो पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए गाइडलाइन के अनुरूप न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।


# तरहसी : दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दो गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी पलामू।** तरहसी प्रखंड के बेदानी मोड के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक दूसरे की विपरीत दो बाइक सवार आपस में टकराईं। टक्कर इतना जोरदार हुआ कि घटना स्थल पर हीखुर्द बेदानी के भुनेश्वर मांझी मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पुत्र रामराज मांझी जबकि गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा हैं। जिसे एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है।

यह दुर्घटना सुबह 10: 30 बजे हुई, जब एक बाइक सवार व्यक्ति पदमा से मेदिनीनगर की ओर जा रहे थे और दूसरा बाइक खुर्द बेदानी से तरहसी की ओर जा रही थी। इसी बीच दोनो बाइक सवार अचानक अनियंत्रित होकर टकरायी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना इतनी भयानक थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी भुवनेश्वर मांझी के रूप में की गयी है, जबकि घायल व्यक्ति को तुरंत पास के ग्रीन लाइफ हॉस्पिटल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। दुर्घटना के बाद सूचना मिलते ही मौके पर सब इंस्पेक्टर बाल कृष्णा और सब इंस्पेक्टर मनिंदर शर्मा दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएचसीएच मेदिनीनगर भेज दिया और घायल का उपचार जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे चोटें और गंभीर हो गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है



**घटना की जानकारी लेती मौके पर पहुंची पुलिस।**

# कौड़िया तीनकोनिया टोला में यंग जागृति संघ ने निकाली कलश यात्रा

■ नवरात्र में मां दुर्गे की कृपा बरसती है : दिलीप नामधारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत पंचायत कौड़िया के तीनकोनिया टोला में यंग जागृति संघ ने दुर्गा पूजा को लेकर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया। मौके पर हजारों श्रद्धालु भाग लिये। मुख्य अतिथि डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विस क्षेत्र के प्रत्याशी सह युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी कलश यात्रा में शामिल हुए। इसके पूर्व पूजा समिति ने श्री नामधारी को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर श्री नामधारी ने कहा कि कौड़िया की जनता जब मुझे याद करेगी तब मैं उनकी सेवा के लिए हाजिर रहेंगे। कलश यात्रा में शामिल होना गौरव की बात है। कहा कि भक्ति में ही शक्ति निहित होती है। नवरात्र में मां दुर्गे की कृपा बरसती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख व समृद्धि की कामना की। कौड़िया मुखिया अंजना सिंह ने कहा कि क्षेत्र में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जाता है। पूजा समिति का पूजा पंडाल शहरों की तर्ज पर भव्य व आकर्षक है जो लोगों को आकर्षित कर रहा है। कलश यात्रा में जिप सदस्य बासो देवी, पूर्व जिप अर्जुन सिंह, मुख्य संरक्षक अजय चौधरी, अध्यक्ष सुबोध विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, सचिव छोटू विश्वकर्मा, पंसस अजीत सिंह, उप सचिव नारियल सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, महामंत्री अनुप सिंह थे।



**कलश यात्रा में शामिल नामधारी व अन्य श्रद्धालु।**

## स्पीड न्यूज

### नवपत्रिका प्रवेश के साथ घाघरा के पूजा पंडालों के खुले पट



घाघरा। नवपत्रिका प्रवेश के साथ घाघरा प्रखंड के सभी पूजा पंडालों में मूर्ति के पट खोले दिये गये। इस दौरान हनुमान वाटिका दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष कुमार मंडल, थाना प्रभारी तरुण कुमार, अशोक उरांव, शिवकुमार भगत, अनिरुद्ध चौबे व किशोर जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं चांदनी चौक दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का उदघाटन एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता देकर किया गया। इस क्रम में आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन पाठ कराया। जहां अतिथियों ने नारियल फोड़ कर पंडाल में प्रवेश किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि माता शेरावाली की कृपा सब पर बनी रहे। एसडीपीओ ने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन व शांति बनी रहे। माता रानी सब पर अपनी कृपा बनाए रखे। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि कोई भी असामाजिक तत्व कुछ द्वेष करते दिखे तो इसकी सूचना तुरंत थाना को दे। ताकि त्वरित कार्रवाई किया जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से अमित नाग, वीरेंद्र साहू, संतोष साहू, कृष्णा लोहरा, श्याम किशोर पाठक, मुरली मनोहर सिंह, नीरज जायसवाल, मंटू साहू, सुमित, विकास जयसवाल, प्रताप जयसवाल, सोनू सहित कई लोग मौजूद थे।

### लोहरदगा : स्टेट सेकंड टॉपर दीक्षा को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



लोहरदगा। मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर महाविद्यालय लोहरदगा की आर्टस की छात्रा दीक्षा साहू को साल 2023 की इंटर आर्ट्स की परीक्षा में 465 अंक लाकर राज्य की सेकंड टॉपर बनने पर झारखंड सरकार ने सम्मानित किया है। झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित परीक्षा में राज्य में दूसरा स्थान हासिल करनेवाली मिशन चौक निवासी व्यवसायी ओम प्रकाश साहू और नीलम देवी की पुत्री दीक्षा को 8 अक्टूबर को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित समारोह में सीएम हेमंत सोरेन वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव और शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने दो लाख रुपए का चेक, एक लैपटॉप और मोबाइल फोन देकर सम्मानित किया। समारोह में सरकार और शिक्षा जगत के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। दीक्षा ने इसके पहले जिला स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में भी अव्वल स्थान हासिल किया था। दीक्षा भारतीय प्रशासनिक सेवा में सफल होकर देश की सेवा करना चाहती है। और इसके लिए वह पूरी शिद्दत से तैयारी कर रही है। सरकार द्वारा दीक्षा को सम्मानित किए जाने पर कॉलेज परिवार ने खुशी जताई है। कॉलेज के प्रिंसिपल स्नेह कुमार ने कहा है कि दीक्षा ने पूरे राज्य में लोहरदगा जिले और महिला कॉलेज का नाम रोशन किया है। पढ़ाई के प्रति उसकी लगन और मेहनत का यह सुखद परिणाम है। साल 2023 में इंटर आर्ट्स के साथ-साथ इंटर साइंस में भी एम एल ए महिला कॉलेज की छात्रा श्रेया राज जिला टॉपर बनी थी। दीक्षा को राज्य स्तर पर सम्मानित किए जाने पर सांसद सुखदेव भगत, विधायक रामेश्वर उरांव, पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह, डॉ गणेश प्रसाद, मलय दत्ता सहित कई शिक्षाविदों ने बधाई दी है।

### शंकर लाल जाजोदिया को डॉक्टर की उपाधि मिलने पर लोगों ने दी बधाई

गुमला। शंकर लाल जाजोदिया को मेरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी बिजनेस मैनेजमेंट एंड सोशल वर्क के द्वारा डॉक्टर की उपाधि प्रदान की गयी है। डॉक्टर की उपाधि मिलने पर जिले के विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों व बुद्धिजीवियों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में महेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार जायसवाल, मुरली मनोहर प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद साहू, विशाल कुमार, सत्येंद्र कुमार, बनवारी लाल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल, सोहन अग्रवाल, गुलाबचंद प्रसाद, शशि किरण जयसवाल, मनमोहन केसरी, मनोरमा देवी, शशि किरण केसरी, संजीव उर्वशी, दामोदर कसेरा, अमित महेश्वरी, बृज किशोर फोगला, रोटरी क्लब के भीम अग्रवाल, अनुराधा प्रसाद, विजय गोयल, हेमंत कुमार, पवन कुमार अग्रवाल, नटवर अग्रवाल, संजय साहू, पंकज कुमार, रिचा गुप्ता, रीता गुप्ता, सरस्वती प्रसाद, विजय उर्वशी, विजय कुमार गोयल, विजय अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, सतभामा अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, पवन गाड़ोदिया, किशोर गाड़ोदिया, बिना देबी, मंजू गोयल, जयकांत राय, संजय साहू मनीषा अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, किशोर अग्रवाल, प्रदीप साबू, श्री भगवान साबू, अजय मंत्री, सतीश पाठक, कुसुम फोगला, उत्तम फोगला, लालचंद फोगला, मदन अग्रवाल, सरिता देबी आदि के नाम शामिल है। यह उपाधि मानव सेवा के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने के लिए शंकर लाल जाजोदिया को प्रदान किया गया है। जो लायंस क्लब, गुमला योग समिति, अग्रवाल सभा सहित कई संगठनों से जुडकर लोगों की सेवा करतें हैं।

### भाजपा का विशुनपुर विधानसभा स्तरीय कार्यालय का हुआ उदघाटन



घाघरा। घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के समीप भाजपा का बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय कार्यालय का उदघाटन बुधवार को जिला अध्यक्ष विनय लाल बिशुनपुर विधानसभा प्रभारी प्रवीण सिंह सहित कई वरिष्ठ भाजपाई ने फीता काटकर किया। इस दौरान आचार्य प्रमोद पाठक के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। जिला अध्यक्ष विनय लाल ने कहा यह कार्यालय बिशुनपुर विधानसभा स्तरीय कार्यालय है।

# वेलवरण व नव पत्रिका प्रवेश के साथ शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा की पूजा आरंभ

## गुमला में पूजा पंडालों के खुले पट, मां के दर्शन के लिए भक्तों ने लगायी हाजरी, चहुंओर उत्साह का माहौल



श्री बड़ा दुर्गा मंदिर में मां की पूजा करते श्रद्धालु



बस डिपू दुन्दुरिया में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा



जय भवानी संघ पूजा पंडाल में मां की प्रतिमा



देवी दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल



भारतीय नवयुवक संघ में स्थापित मां की प्रतिमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** वेलवरण के साथ गुमला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा की पूजा श्रद्धा और भक्ति के साथ आरंभ हो गई। शंख घंट और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विल्व वृक्ष की पूजा की गई। विल्व शाखा ग्रहण के साथ ही नवपत्रिका प्रवेश और नेत्रदान की विधि संपन्न हुई। प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय की पूजा हुई। सामूहिक महाआरती के बाद विश्व कल्याण की कामना मां दुर्गा से की गई।

शारदीय नवरात्र के सप्तमी पूजा के साथ ही पूजा पंडालों के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। पूजा पंडालों के पट खुलते ही माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम होते ही गुमला जिला मुख्यालय के सभी पूजा पंडाल दुधिया प्रकाश से जगमग हो उठे।

वैदिक मंत्रोच्चारण और भक्ति गीतों से पूरे शहर में अध्यात्म की धारा प्रवाहित हो रहा था। सनातन धर्मावलम्बियों ने मां दुर्गा के प्रति आस्था और विश्वास का भाव झलक रहा था। लोगों में त्योहार का उत्साह था। बंगली क्लब दुर्गा बाड़ी में बंगाली पद्धति से मां दुर्गा की पूजा की गई। गुमला के भारतीय नवयुवक संघ के पूजा पंडाल में चलंत दुर्गा की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहा।

पूजा को लेकर मालवीय नगर करौन्दी, ज्योति संघ, शक्ति संघ, रामनगर संघ में आकर्षक सजावट की गई है। इसी तरह से भारतीय नवयुवक संघ, अरुणोदय संघ, उर्मी अरमई डुमरडीह पूजा समिति, विश्व भारती संघ, मां भवानी संघ, दुधेश्वरी धाम सोसो आदि स्थानों में आकर्षक पंडाल में प्रतिमा स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा की गई है। इसके अतिरिक्त गुमला के ग्रामीण क्षेत्र मुरकुंडा, खोरा, टोटो, कसीरा, खरका आदि स्थानों में भी दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ आरंभ हो गया। गुमला जिला के पालकोट में भी पारम्परिक तरीके से मां दुर्गा की पूजा आरंभ किया गया। चारों ओर उल्लास का माहौल है। जिले के रायडीह, चैनपुर, डुमरी, जारी, सिसई, बसिया, बिशुनपुर घाघरा आदि प्रखंडों में भी मां दुर्गा की पूजा आस्था और विश्वास के साथ आरंभ हो गया।

रंगीन रोशनी से पूजा स्थल जगमगा रहा था। वहीं भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया था।

### डुमरी प्रखंड में प्रोजेक्ट किशोरी के तहत सैनेटरी नैपकिन उत्पादन केंद्र का उदघाटन

# महिलाओं को सशक्त बनाना लक्ष्य : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी में प्रोजेक्ट किशोरी के तहत स्थापित महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित सैनेटरी नैपकिन उत्पादन केंद्र का बुधवार को उदघाटन किया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के मार्गदर्शन एवं जिला प्रशासन के सहयोग से यह परियोजना आकांक्षी प्रखंड डुमरी की 15 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित है। जो मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित उत्पादों के निर्माण पर केंद्रित है। इस पहल का उद्देश्य न केवल मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं को दूर करना है, बल्कि महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करना है। उपायुक्त सत्यार्थी ने उदघाटन के बाद उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया और वहां कार्यरत महिलाओं से मुलाकात की। उन्होंने महिलाओं से उत्पादन प्रक्रिया और उत्पाद की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यह केंद्र प्रतिदिन 14,400 सैनेटरी नैपकिन बनाने की क्षमता रखता है और इसके उत्पाद आईएसओ 9001:2015 मानकों के अनुसार हैं, जो उच्च गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य पर उपलब्ध हैं। प्रोजेक्ट किशोरी को नीति आयोग की आकांक्षात्मक योजना वोकल फॉर लोकल के तहत शुरू किया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि यह परियोजना सिर्फ उत्पाद बनाने के बारे में नहीं है, बल्कि यह अवसर सृजन की एक यात्रा है। हमारा लक्ष्य महिलाओं को सशक्त बनाना और समुदाय की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाना है। प्रोजेक्ट किशोरी मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं को दूर करने और महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्ध है। उक्त योजना के सफल संचालन एवं सहयोग में जिला योजना पदाधिकारी रमन आर्या, बीडीओ डुमरी एवं नीति आयोग, रिद्धि कपूर की रही। मौके पर मुख्य रूप से परियोजना निदेशक आईटीडीए, बीडीओ डुमरी, आकांक्षी प्रखंड डुमरी, फेल्लो रमेश कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## शहर व मुहल्ले को स्वच्छ रखना हम सभी लोगों की जिम्मेवारी : रवि धानका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** सशस्त्र सीमा बल 32वीं वाहिनी चैनपुर कैंप के उपनिरीक्षक रवि कुमार धानका के नेतृत्व में बुधवार को जवानों ने प्रखंड मुख्यालय के कन्या मध्य विद्यालय में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया एवं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सफाई अभियान को देखकर लोगों ने भी एस एस बी कंपनी का आभार प्रकट किया। मौके पर उपनिरीक्षक रवि कुमार धानका ने बताया कि शहर एवं मुहल्ले को स्वच्छ रखना हम सभी लोगों की जिम्मेवारी है। आप हमेशा अपने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखें। गंदगी का अंबार लगने से शहर का वातावरण प्रदूषित तो होता ही है साथ में गंदगी से कई प्रकार की बिमारियों के फैलने का भी खतरा बना रहता है। इसलिए हम सभी आमजनों का फर्ज है कि अपने आस पास के क्षेत्रों को हमेशा स्वच्छ बनाए रखें मौके पर मुख्य राजेश सिंह,अजोय कुमार रॉय, रवि कुमार यादव, दीपक कुमार चौरसिया, सुखदेव सिंह, अरविंद यादव, अमित कुमार सिंह, शैलेश कुमार यादव, सहित एस एस बी के जवान मौजूद थे।

## एसएसबी ने चलाया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के लुथरन व संत अन्ना उच्च विद्यालय में 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिलम गुमला के कमांडेंट के निर्देश पर असिस्टेंट कमांडेट अपूर्वा आनंद व चैनपुर सी वो बी कंपनी के उपनिरीक्षक रवि कुमार धानका के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान चलाया गया। सुरक्षा बलों में महिलाओ के लिए मिलने वाले छूट एवं महिलाओ के सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर रवि धानका ने कहा कि बेटियों को कभी बोझ नहीं समझना चाहिए। आज हमारे देश की बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम रौशन कर रही हैं।

## लोहरदगा : कोयल मिस्त रेस्टोरेंट व होटल का उद्धघाटन



लोहरदगा। शहर के मिशन चौक स्थित टाइनी टास्क के निकट कोयल मिस्त रेस्टोरेंट और होटल का भव्य उद्घाटन किया गया। इस रेस्टोरेंट का उद्घाटन राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू द्वारा फीता काटकर किया गया। इस उद्घाटन समारोह में रेस्टोरेंट और होटल के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह और उनकी धर्म पत्नी विद्या सिंह, टाइनी टास्क के डायरेक्टर आजातशत्रु और जाह्नवी सिंह, भाजपा कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, डॉ गणेश प्रसाद, डॉ रीता चौधरी, देवाशीष कॉर, शिशिर केशरी निशिथ जायसवाल, चंद्र किशोर, सुनील अग्रवाल भास्कर सिन्हा एसके झा रघुवीर शर्मा अशोक पोद्दार विपिन सिंह प्रणव सिंह मनोज जायसवाल सहित गण्यमान जन उपस्थित थे।

## खुला मां दुर्गा का पट, उमड़ी भीड़

**खबर मंत्र संवाददाता**



**भंडरा।** मंगलवार की संध्या वैदिक मंत्रोच्चारण, ढाक की आवाज, मां की जयकारे, शंख-ध्वनि के गुंजन के साथ शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की पट खुल गया। मां की पट खुलते ही बुधवार को मां के दरबार में माथा टेकने, दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों एवं पूजा पंडालों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नवरात्र के महाषष्ठी को देवी साधकों एवं उपासकों ने मां दुर्गा के छठें स्वरूप शक्ति के कात्यायनी की पूजा फल-फूल, मिठाई, चुनरी आदि अर्पित कर विधि-विधान से पूजन किया। बुधवार की संध्या को आरती व दीपक जलाने से लेकर पूजा-अर्चना तक मां के भक्तों का तांता पूजा पंडालों में लगा रहा। वही प्रखंड के चट्टी स्थित छत्तीस देवी मंदिर, बेदाल, मसमानो भौरो मे भक्त शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की भक्ति मे लीन दिखे। पुलिस प्रशासन विधि व्यवस्था को लेकर चुस्त दुरुस्त देखी गई। सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह दल बल के साथ पूजा पंडालो का निरीक्षण किया।

# चंदाली में नव निर्मित समाहरणालय भवन का शुभारंभ

## एक छत के नीचे संचालित होंगे 40 विभागों के कार्यालय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



नये समाहरणालय भवन के शुभारंभ में शामिल डीसी, एसपी व अन्य।

**गुमला।** शहर के चंदाली में नव निर्मित समाहरणालय भवन का विधिवत रूप से बुधवार को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर भवन का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया। इस अत्याधुनिक भवन में एक साथ 40 से अधिक विभागों का संचालन होगा। जिससे क्षेत्र के नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर प्राप्त होगा। समाहरणालय भवन में उपायुक्त कार्यालय, एसपी कार्यालय, डीडीसी, अपर समाहर्ता कार्यालय, भू अर्जन विभाग, समाज कल्याण विभाग, निर्वाचन विभाग, ईवीएम वेयर हाउस, योजना विभाग, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला परिवहन सहित कई अन्य विभागों के कार्यालय हैं। भवन में आम नागरिकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां वेटिंग हॉल और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिससे नागरिकों को सरकारी कार्यों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। समाहरणालय भवन में विधिवत कार्यालय का शुभारंभ हुआ है। हालांकि, दुर्गा पूजा के बाद से यहां नियमित कार्य संचालन प्रारंभ होगा। इसके अतिरिक्त, जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन भी इसी नए भवन में किया जाएगा। जिससे नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके। आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि उपायुक्त कार्यालय से संबंधित किसी भी कार्य के लिए या उपायुक्त से मुलाकात हेतु अब चंदाली स्थित नए समाहरणालय भवन में ही संपर्क करें।

## सूकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**लोहरदगा।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 10 दिवसीय निशुल्क सूकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सुरेश भगत ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया। उन्होंने कहा की सूकर पालन एक अच्छा स्वरोजगार का साधन बनता जा रहा है यह ऐसा व्यवसाय है जिससे अच्छी आमदनी हो सकती है। प्रशिक्षण के दौरान सूकर पालन से संबंधित अनेक पहलुओं की जानकारी दी गई। मौके पर आरसेटी के संकाय सदस्य दीपक कुमार ने कहा की आज आरसेटी द्वारा स्वरोजगार से संबंधित अनेकों निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है प्रशिक्षणों उपरांत दो वर्षों तक आरसेटी द्वारा मार्गदर्शन भी किया जाता है। मौके पर संकाय सदस्य राजीव कुमार, सहायक प्रहलाद भगत, रोहित बाड़ा, रवि कुमार, झंडी लाल आदि उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 38/2024-25 Date:-08-10-2024

| Sl. No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work for UV Nayatand Block Barkagaon, Hazaribag | 5436800/- | 109000/- | 10000/- | 6 Month |
| 2 | Renovation work for UMV Talaswar Block Barkagaon, Hazaribag | 9665800/- | 194000/- | 10000/- | 6 Month |
| 3 | Renovation work for UPV Mahudih, Block Barkagaon, Hazaribag | 6591150/- | 132000/- | 10000/- | 6 Month |
| 4 | Renovation work for nav prathmik vidyalaya, gangadohar, Block Barkagaon, Hazaribag | 5502400/- | 111000/- | 10000/- | 6Month |
| 5 | Renovation work for UMV Kaandtari, Kaandtari, Block Barkagaon, Hazaribag | 5786900/- | 116000/- | 10000/- | 6 Month |
| 6 | Renovation work for RMV badam, Block Barkagaon, Hazaribag | 7859050/- | 158000/- | 10000/- | 6 Month |
| 7 | Renovation work for UUV Sikri, Block Barkagaon, | 8370250/- | 168000/- | 10000/- | 6 Month |
| 8 | Renovation work for UPV Jarjara,Potanga Block Barkagaon, Hazaribag | 5433500/- | 109000/- | 10000/- | 6 Month |
| 9 | Renovation work for UMV Shadh, Block Barkagaon, Hazaribag | 5396300/- | 108000/- | 10000/- | 6 Month |
| 10 | Renovation work for UMV Shivadih, Block Barkagaon, Hazaribag | 9437700/- | 189000/- | 10000/- | 6 Month |
| 11 | Construction of Boundary Wall ,Paver Block & Earth Filling Work in Panchkarma Trainning Seva Kendra Hazaribag | 5669050/- | 114000/- | 10000/- | 6 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 16-10-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 22-10-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 338564 Building (24-25)_D



**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर, 2024**

भारत सरकार
**केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान**
कांके, राँची,-834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाष: 0651-2450822, 2451115, 2450448

सत्यमेव जयते

RANCHI

**24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध**

**सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण**
**निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी**

**बाह्यरोगी सुविधाएं/सेवाएं**
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण/आकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- **टेली परामर्श व्हाट्सअप संख्या** : 9334915057 कृपया व्हाट्सअप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
- **टेली-मनोचिकित्सा संख्या** : 9334915052
- **दूरभाष संख्या** (सामान्य सूचना): 0651-2451115, 0651-2451116, 0651-2451119
- विडियो परामर्श: अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- **टेली-मानस सेवा:** निःशुल्क 24X7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श/काउंसलिंग। टोल फ्री नंबर : 14416 या 1800-89-14416

**टेली मानस को कॉल करें :**
- उदासी, चिड़चिड़ापन या निराशा।
- परीक्षा के तनाव से गुजर रहे हैं।
- आम नींद की समस्या से परेशान हैं।

जब आपको जीवन से हार मानने का मन हो, तो याद रखें सहायता केवल एक कॉल की दूरी पर है-14416

**विशेष क्लीनिक**
- सोमवार: मूड एवं न्यूरोलॉजी
- मंगलवार: निद्रा रोग
- बुधवार: क्रॉनिक सिजोफ्रीनिया, सेक्स, चर्मरोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मैटाबॉलिक रोग
- गुरुवार: मिरगी एवं मूवमेंट डिसऑर्डर
- शुक्रवार: वृद्धावस्था संबंधित रोग
- शनिवार: सिरदर्द रोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मैटाबॉलिक रोग
- प्रतिदिन: बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी. एवं व्यक्तित्व विकास

**अंतर्वासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं**
- सभी बेड शुल्क के साथ
- उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

**बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग**
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

**नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग**
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

**व्यावसायिक चिकित्सा विभाग**
- पुनर्वास/शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकॉनोमी

**सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम**
- वेस्ट बोकारो (घाटो)
- हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम**
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

**स्नातकोत्तर शिक्षण**
- एम.डी. (मनोचिकित्सा) एवं डी.पी.एम.
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रीक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रीक नर्सिंग में डिप्लोमा

**पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग**
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेअर क्रोमैटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन-स्पेस्फिक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- -80 डिग्री फ्रीजर

**कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग**
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

**सेन्टर फॉर कोग्निटिव न्यूरोसाइंसेज**
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32-64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च वर्गीय ई.ई.जी (64-, 128-, 192-, 256-चैनल)
- कोग्नेटिव इवेंट रिलेटेड/इवोक्ड पोटेंशियल (40-, 128-चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और डाइरेक्ट करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. - ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमूलेशन

**सेन्टर फॉर न्यूरोईमैजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज**
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी एफ.एम.आर.आई.
- एम.आर.आई. ब्रेन (रु. 2000/- लगभग) एवं एम.आर.आई. होल बॉडी स्क्रीनिंग (रु. 3000/- लगभग)

**उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग**
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई-फाई की सुविधा
- वेबसाइट

**पुस्तकालय**
- मेडिकल लाईब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय (हमारे यहाँ 80,000 से अधिक पुस्तकें एवं जर्नल का संग्रह है)
- रेप्रोग्राफी एवं माइक्रोफिल्मिंग
- आनलाईन लिट्रेचर सर्च/RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम

**बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।**

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृप्या सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई-मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

# रियल स्टेट के खतरे

घर व्यक्ति मकान और दुकान या दफ्तर के लिए करीब 100 वर्ग मीटर जमीन इस्तेमाल करता है तो इस देश की 1.4 अरब की आबादी को भारत की कुल जमीन का 4.2 फीसदी हिस्सा ही चाहिए।

अगर हम मान लें कि चार सदस्यों वाले हर परिवार को करीब 4,600 वर्ग फुट जमीन चाहिए और फ्लोर स्पेस इंडेक्स केवल 1 है तब भी देश में मौजूद समूची जमीन का इस्तेमाल नहीं हो पाएगा। देश में अधिकतर वयस्कों को बचपन में ही पढ़ाया गया कि आबादी कितनी तेजी से बढ़ रही है। मगर भारत की प्रजनन दर में बहुत अंदर आ गया है। देश की कुल प्रजनन दर 1964 में छह थी जो 2022 में घटकर दो रह गई है। हमें इस गिरावट की वजह के बारे में ठीक से नहीं पता लेकिन कुछ तो हो रहा है। भारत के इतिहास के हरेक चरण में आबादी का बदलाव अनुमान से तेज गति से हुआ है। दक्षिण के राज्यों की कुल प्रजनन दर जर्मनी की दर से कम है। हम कह सकते है कि जमीन में निवेश इसलिए कीजिए क्योंकि आबादी ज्यादा नहीं बढ़ रही है। अपना पैसा निवेश करते समय याद रखना चाहिए कि पिछले 20 वर्षों में निफ्टी 26 गुना चढ़ चुका है। इसमें विविधता है, पारदर्शिता है और तरलता यानी शेयर बेचकर फौरन नकद हासिल करने की संभावना है, लेकिन रियल एस्टेट में ऐसा नहीं है। जब भी कोई परिवार शेयरों में निवेश करने चलता है तो वह रियल एस्टेट की कीमतें नीचे आने की वजह बनता है। अगर हम यह मानना बंद कर दें कि जमीन दुर्लभ है तो रियल एस्टेट ईंट, इस्पात और कांच के ढेर के अलावा क्या है। उसकी कीमत चढ़ेगी तो आपूर्ति बढ़ जाएगी, जिसके बाद कीमत में लगातार इजाफा हो ही नहीं पाएगा। रियल एस्टेट की यह दीवानगी के खतरे सामने आने वाले हैं। रियल एस्टेट पर जोर चीन के आर्थिक मॉडल की नाकामी का भी बड़ा कारण रहा।

## आज का राशिफल

**मेष : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6**

**वृष : संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8**

**मिथुन : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7**

**कर्क : स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8**

**सिंह : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5**

**कन्या : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7**

**तुला : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8**

**वृश्चिक : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7**

**धनु : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यो से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7**

**मकर : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढने.के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8**

**कुंभ : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8**

**मीन : पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5**

## कार्टून वर्ल्ड



# संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष: संघर्ष व संकल्प की यात्रा



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ शाताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। संघ की स्थापना साल 1925 में विजय दशमी को हुई थी। अंग्रेजी तिथि से वह 27 सितम्बर का दिन था। संकल्पक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना वर्ष के लिये विजयदशमी निश्चित की। प्रतिवर्ष स्थापना दिवस मनाने के लिये उन्होंने विक्रम संवत पर जोर नहीं दिया। वह 1925 ही रखी लेकिन 27 सितम्बर के स्थान पर विजयदशमी निश्चित किया। ताकि प्रतिवर्ष स्थापना दिवस आयोजन के साथ विजयदशमी का ध्येय जीवन्त रहे। ध्येय का यही स्णरण ही संघ की केन्द्रीभूत चेतना है जो संघ को ध्येयनिष्ट बनाये हुये है।

रामजी ने इन शक्तियों का शमन करके मानवीय मयार्दा की स्थापना की थी। रामजी द्वारा किये गये कार्य अथवा युद्ध अपने साम्राज्य के विस्तार के लिये नहीं, मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिये थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के पीछे डॉक्टर जी का उद्देश्य राजनीति करना नहीं था। वे स्वाभिमान संपन्न समाज और संस्कृति संपन्न राष्ट्र का निर्माण करना चाहते थे। इसी ध्येय की पूर्ति के लिये उनके मन में ऐसी रचना का विचार उठा जो अपने लिये नहीं राष्ट्र और समाज के लिये जीये।

**संघ स्थापना की पृष्ठभूमि**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी के मन में संघ को आकार देने का विचार अकस्मात नहीं आया था। पराधीनता भारत में कुछ ऐसी शक्तियाँ प्रबल हो रहीं थी जो पूरी सनातन संस्कृति और परंपराओं के रूपांतरण करने में जुटी थीं। उनके षड्यंत्र इतने प्रबल और छलयुक्त थे कि सनातन समाज के मनीषी या तो उनसे भ्रमित हो रहे थे अथवा असहाय अनुभव कर रहे थे। इस वातावरण से डॉक्टर जी का मन सदैव बेचैन रहता। कोई कल्पना कर सकता है उस बालक की मनोदशा और मन में उठ रहे देशाभिमान के विचारों की, जो केवल बारह वर्ष की आयु में अपने सम आयु सहपाठियों को एकत्र कर ब्रिटिश सत्ता के प्रतीक यूनियन जैक उतार कर भगवा ध्वज फहरा दे। यह साहस करने वाले डॉ. केशव हेडगेवार जी ही थे। बड़े होकर डॉक्टरी पढ़ने कलकत्ता गये तो वहाँ अपनी पढ़ाई के साथ अनुशीलन समिति से जुड़े और क्राँतिकारियों के संपर्क में आये।

जिन दिनों वे कलकत्ता में थे वहाँ उन्होंने तीन प्रकार का वातावरण देखा। एक तो समाज को बाँटकर अपनी पैठ जमाने के लिये मिशनरीज की सक्रियता, दूसरी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा छल बल से समाज का मतान्तरण और तीसरी केवल प्राण बचाने व पेट भरने के लिये सनातन समाज के सामान्य जनों का संघर्ष। इन मानसिक वेदनाओं के साथ पढ़ाई पूरी करके नागपुर लौटे और काँग्रेस में मतभेद थे। काँग्रेस में एक बड़ा समूह ऐसा था जो आँदोलन में पूर्ण स्वराज्य की माँग जोड़ने के पक्ष में नहीं था। डॉक्टर जी ने काँग्रेस के पूना प्रांतीय अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव रखा जो पारित न हो



-रमेश शर्मा

> भारत में भारतत्व को समाप्त करने के लिये जो शक्तियाँ छल, बल और षड्यंत्र कर रही थीं उनमें मिशनरीज संगठन, कट्टरपंथी कम्युनल तत्व और कम्युनिस्ट तीनों एकजुट होकर सक्रिय थे। यद्यपि इन तीनों की दिशा और लक्ष्य पृथक थे लेकिन सनातन समाज और परंपराओं के दमन में तीनों एक स्वर हो जाते थे। यह इन तीनों के एकजुट षड्यंत्रों का ही परिणाम था कि तब पेशावर, ढाका और चटगाँव आदि में सनातनियों की हत्याओं पर किसी ने आवाज नहीं उठाई।

काँग्रेस से जुड़ कर स्वाधीनता संग्राम में सक्रिय हुये लेकिन कुछ बातों पर उनके काँग्रेस के तत्कालीन नेताओं से मतभेद हुये। डॉक्टर जी काँग्रेस के एक प्रस्ताव की उस कंडिका से सहमत नहीं थे, जिसमें मुस्लिम लीग को स्थानीय असेंबलियों के आतंरिक चुनाव में धार्मिक आधार पर एक तिहाई सीटें देने पर सहमति दे दी थी। यह 1916 की बात है। डॉक्टरजी इसे मुस्लिम लीग का षड्यंत्र मानते थे। लीग के चुनाव लड़ने या न लड़ने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं थी, पर वे लीग के उस कट्टरपंथ को देशहित के लिये नुक्सानदेह मानते थे, जिसकी ध्वनि लीग के नेताओं के कार्यों से झलक रही थी। समय के साथ उनकी यह आशंका सही भी निकली।

दूसरा, पूर्ण स्वराज्य की माँग को लेकर सका। यह 1920 की बात है। फिर भी डॉक्टर जी काँग्रेस के आह्वान पर होने वाले असहयोग आँदोलन में बढ़-चढ़कर सहभागी बने, गिरफ्तार हुये और जेल गये। लेकिन काँग्रेस ने असहयोग आँदोलन के साथ खिलाफत आँदोलन को जोड़ लिया। वे खिलाफत आँदोलन को स्वतंत्रता आँदोलन से जोड़ने के पक्ष में नहीं थे। चूँकि खिलाफत परंपरा का संबंध भारत से नहीं था। खलीफा का केन्द्र तुर्की था। वह एक ऐसा धार्मिक शासक था जिसका घोषित उद्देश्य पूरी दुनियाँ में इस्लाम का निजाम स्थापित करना था। अंग्रेजों ने वह सत्ता समाप्त कर दी थी लेकिन भारत में सक्रिय खलीफा समर्थकों ने काँग्रेस को अपने पक्ष में कर लिया। उनके दो उद्देश्य थे। एक तो अंग्रेजों पर दबाव बनाना और दूसरा काँग्रेस के समर्थन से उन लोगों को तटस्थ करना जो भारत में मतान्तरण के विरुद्ध सक्रिय थे। लाला हंसराज, स्वामी श्रद्धानंद, लाला लाजपत राय, डॉक्टर मुन्जे आदि अनेक काँग्रेस जन मतान्तरण के विरुद्ध थे लेकिन काँग्रेस द्वारा असहयोग आँदोलन में खिलाफत आँदोलन के जुड़ जाने से वे तमाम कार्यकर्ता असहज हुये जो स्वाधीनता संग्राम के साथ संस्कृति और धर्म रक्षा के कार्य में भी सक्रिय थे।

भारत में भारतत्व को समाप्त करने के लिये जो शक्तियाँ छल, बल और षड्यंत्र कर रही थीं उनमें मिशनरीज संगठन, कट्टरपंथी कम्युनल तत्व और कम्युनिस्ट तीनों एकजुट होकर सक्रिय थे। यद्यपि इन तीनों की दिशा और लक्ष्य पृथक थे लेकिन सनातन समाज और परंपराओं के दमन में तीनों एक स्वर हो जाते थे। यह इन तीनों के एकजुट षड्यंत्रों का ही परिणाम था कि तब पेशावर, ढाका और चटगाँव आदि में सनातनियों की हत्याओं पर किसी ने आवाज नहीं उठाई। केरल के मालाबार में हुये साम्प्रदायिक नरसंहार पर भी चारों ओर चुप्पी रही, कोई पीड़ितों के पक्ष में कोई सामने नहीं आया। मालाबार में सनातन स्त्री-बच्चों के साथ जो हुआ उसे पढ़कर आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। 1906 से 1924 के बीच देशभर की साम्प्रदायिक हिंसा की घटनाओं का विवरण आज भी इतिहास के पन्नों में है। भयग्रस्त समाज का पलायन और स्वत्व विस्मृत समाज जनों द्वारा मतान्तरण स्वीकार कर लेना सामान्य बात मानी जा रही थी। मानों समाज का स्वाभिमान कहीं लुप्त हो गया था। ऐसा नहीं था तब सनातन सेवकों ने आवाज न उठाई हो। तब भी भारत के हर हिस्से से स्वाभिमान जागरण का आह्वान हुआ था। अनेक महापुरुष आगे आये थे लेकिन असंगठन अथवा आंतरिक भय के चलते समाज वैसा सामने नहीं आया जैसी आवश्यकता थी। इसे पंजाब, बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, केरल आदि प्रांतों में सनातन परंपराओं के संरक्षण का अभियान चलाने वालों की हत्याओं से समझा जा सकता है। ये समस्त परिदृश्य डॉक्टर जी के सामने था। उन्होंने स्वतन्त्रता आँदोलन के साथ समाज जीवन में स्वत्व और स्वाभिमान जागरण का संकल्प लिया।

साल 1925 में विजयादशमी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अस्तित्व में आना, डॉक्टर जी की इसी संकल्पना का साकार स्वरूप है।

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

भारतीय स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है—वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्न के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

**- रोहित शाह, हजारीबाग**

## एक्स - ट्वीट

**रातू** किला के प्रसिद्ध दुर्गा पूजा में मां की पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की खुशहाली की कामना की। मां सभी को स्वस्थ, सुखी और संपन्न रखें।

जय मां दुर्गा!

**-कल्पना मुरमू सोरेन विधायक, गांडेय**

**कांग्रेस** की जातीय और धार्मिक विभाजनकारी एजेंडे को हरियाणा की 36 बिरादरी ने खारिज किया।

पिछले 10 वर्षों में भाजपा शासन के दौरान हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय और जीडीपी 3 गुना बढ़ी।हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्यार लुटाया है अगली बारी महाराष्ट्र,झारखंड, दिल्ली और बिहार है। सत्यमेव जयते

**प्रो गौरव वल्लभ, भाजपा**

# देश के विकास रोकने वाली प्रवृति और ताकतों पर नजर रखना होगा

**- प्रहलाद सबनानी**

सामयिक

**आज** वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। हाल में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सम्बंध में प्रायः कुछ विमर्श गढ़े गए हैं जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यतः व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है। ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सम्बंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है। इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं ये देश भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं।

भारत की प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं।

पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में शुभ-लाभ की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े, इसे शुद्ध लाभ की संज्ञा दी जाती है। और, इसी प्रकार, वामपंथी विचारधारा में अप्रत्यक्ष रूप से शून्य लाभ के लिए कार्य होता दिखाई देता है जिससे अंततः व्यापार ही समाप्त होने की ओर आगे बढ़ जाता है। पश्चिमी एवं अन्य कई देशों में आज पूंजीवाद की विचारधारा को ही अपना लिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप केवल लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापार करने वाली अमेरिकी कम्पनियों की सम्पत्ति आज कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है।

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली माइक्रोसॉफ्ट नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 3.126 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। एप्पल नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 2.65 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। एमेजोन नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 1.87 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। इसी प्रकार, मेटा नामक अमेरिकी कम्पनी की सम्पत्ति 1.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। अमेरिका ने अधिकतम लाभ अर्जन को मुख्य उद्देश्य मानकर पूंजीवाद को बढ़ावा दिया जिससे आज अमेरिका कई अरबपति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वर्ग बन गया है और आज इन अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सम्पत्ति कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है।

ब्रिटेन, कनाडा, फ्रान्स आदि जैसी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास है। भारतीय परम्परा में व्यापार में शुभ लाभ इसलिए कहा गया है क्योंकि भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि व्यापार में होने वाले लाभ को 7 हिस्सों में बांटकर समाज में अति पिछड़ा वर्ग की मदद हेतु भी एक हिस्सा उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि अति गरीब वर्ग भूखा न रहे। इसी कारण से आज विश्व भर में फैले आतंकवाद से निपटने में केवल भारतीय सनातन संस्कृति ही सक्षम दिखाई देती है।

पश्चिमी देशों के नागरिकों के लक्ष्य भौतिक (जड़) हो रहे हैं और चेतना कहीं पीछे छूट रही है। केवल आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं। इसीलिए भारत ने विश्व में दिलों को जीता है एवं कभी भी किसी देश पर आक्रमण करते हुए उनकी भूमि के एक इंच हिस्से पर भी अपना कब्जा नहीं जमाया है।

# टैगोर के विचार और चिंतन से दूर जाता बांग्लादेश

**आरे सिन्हा**

सामयिक

**गुरुदेव** रवींद्रनाथ टैगोर के लिखे अपने राष्ट्रगान को बांग्लादेश का वर्तमान शासन बदलना चाहता है। यानी अब बांग्लादेश अब उसी राष्ट्र गीत से दूर हो रहा है, जिसे उसने 1972 में अपनी स्थापना के वक्त धूमधाम से अपनाया था। इसकी वजह सिर्फ यही है कि इसके रचयिता टैगोर हिन्दू थे। अब आप समझ सकते हैं कि भारत के पड़ोसी देश में कठमुल्लों का असर कितना अधिक होता जा रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना वाजेद सरकार का तख्ता पलटने के बाद वे चाहते हैं कि गुरुदेव टैगोर के लिखे राष्ट्रगीत को बदल कर किसी अन्य गीत को बांग्लादेश का राष्ट्र गीत बना दिया जाए। देखिए, मुस्लिम-बहुल देशों में गैर-मुस्लिमों को जीवन के किसी भी क्षेत्र में बहुत कम स्पेस मिलता है। उन्हें हर तरह से सभी मायने में दूसरे दर्जे का नागरिक माना जाता है। मुस्लिम देशों में राष्ट्रीय पहचान के मुद्दों पर फैसला लेते वक्त धार्मिक नेताओं की पसंद और नापसंद को बहुत अहमियत मिलती है।

वैसे तो बांग्लादेश में नई सरकार के धार्मिक मामलों के सलाहकार ए.एफ.एम. खालिद हुसैन कह रहे हैं कि राष्ट्रगान को बदलने की कोई योजना नहीं है। सरकार ऐसा कुछ नहीं करेगी जिससे विवाद पैदा हो। हालांकि, जन्नत की हकीकत कुछ और है। बांग्लादेश में मौजूदा राष्ट्रगीत को बदलने की मांग जोर पकड़ रही है। बांग्लादेश के राष्ट्रगान आमार सोनार बांग्ला ('मेरा स्वर्णिम बंगाल') की धुन बाउल गायक गगन हरकारा के अमी कोथाय पाबो तारे से ली गई है, जो दादरा ताल पर आधारित है। इसकी आधुनिक वाद्य प्रस्तुति की व्यवस्था बांग्लादेशी संगीतकार समर दास ने की थी।

दरअसल, बांग्लादेश में अब बहुत कुछ अप्रत्याशित ही हो रहा है। वहां स्वतंत्रता आंदोलन में लड़ने वाले और उसका विरोध करने वाले एक साथ मिल रहे हैं। देश के राष्ट्रगान को बदलने की मांग अब्दुल्लाहिल अमान आजमी भी कर रहे हैं। उनके पिता बांग्लादेश की जमात-ए-इस्लामी पार्टी के शिखर नेता थे। उन्हें स्वाधीनता आंदोलन के समय पाकिस्तानी सेना का साथ देने के कारण फांसी दे दी गई थी। उनके अलावा भी बांग्लादेश में बहुत से असरदार लोगों का कहना है कि उनके देश में एक हिन्दू के लिखे गीत को राष्ट्रगीत के रूप में थोपा गया, जिसे बदला जाना चाहिए। इस तरह की मांग करने वालों में कर्नल ओ. अहमद और कर्नल राशिद चौधरी भी शामिल हैं, जो 1975 में देश के संस्थापक मुजीब उल रहमान की हत्या की साजिश में दोषी ठहराए गए थे। दोनों अब कनाडा में रह रहे हैं।

गुरुदेव टैगोर को हिन्दू कवि कहने वाले अज्ञानी भूल रहे हैं कि वे मूल रूप से पूर्वी बंगाल से ही थे जो अब बांग्लादेश बन गया है और उनके परिवार की वहां प्रचुर संपत्तियां थीं। बांग्लादेश में काजी नजरुल इस्लाम जैसे महान बांग्ला कवि को भी खारिज किया जा है क्योंकि उन्होंने हिन्दू देवी-देवताओं की स्तुति में लिखा है। बांग्लादेश में ऐसे गीत की मांग हो रही है जिसमें दूसरी स्वतंत्रता का उल्लेख हो। बांग्लादेश में न्यूज एजेंसी के संवाददाता के रूप में काम कर चुके वरिष्ठ पत्रकार और संपादक महेन्द्र वेद बताते हैं कि बांग्लादेश में राष्ट्रगान बदलने की मांग अगस्त 1975 में शेख मुजीब की हत्या के तुरंत बाद शुरू हुई थी। राष्ट्रपति खोंडकर मुश्ताक अहमद ने समिति गठित की थी, जिसने राष्ट्रगान को काजी नजरुल इस्लाम या फारूख अहमद के लिखे गीतों से बदलने का प्रस्ताव रखा था। हालाँकि, उस वर्ष नवंबर में खोंडकर के हटाए जाने के बाद यह पहल पूरी नहीं हुई।

राष्ट्रपति जिया उर रहमान के नेतृत्व में 'राष्ट्रवादियों' ने एक अधिक बांग्लादेश-केंद्रित राष्ट्रगान को अपनाने की मांग की। 1979 में कैबिनेट को भेजे गए एक पत्र में, तत्कालीन प्रधानमंत्री शाह अजीजुर रहमान, जो मुस्लिम लीग के पूर्व नेता थे, ने तर्क दिया कि अमार सोनार बांग्ला राष्ट्रीय पहचान और संस्कृति के विपरीत है क्योंकि इसे एक ऐसे व्यक्ति द्वारा लिखा गया था जिसकी गैर-बांग्लादेशी पृष्ठभूमि थी। उन्होंने प्रथम बांग्लादेश का प्रस्ताव रखा। जिया के राष्ट्रपति पद के दौरान राष्ट्रीय टेलीविजन और सरकारी कार्यक्रमों के दौरान अमार सोनार बांग्ला के बाद यह गीत बजाया जाता था। 1981 में जिया की हत्या के बाद यह बंद हो गया। यह गीत वर्तमान में जिया की बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) का पार्टी गीत है। 2002 में जिया की पत्नी बेगम खालिदा जिया बांग्लादेश की प्रधानमंत्री थीं तब बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के नेता मोतीउर रहमान निजामी ने इस्लामी मूल्यों और भावना को शामिल करने के लिए टैगोर के गीत में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि देश की कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था।

बहरहाल, बांग्लादेश के संस्थापक नेता शेख मुजीब की मूर्तियाँ नष्ट कर दी गईं और पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की पुण्यतिथि मनाई गई। बहुत साफ है कि बांग्लादेश अब बदल रहा है। उस पर कठमुल्लों का असर बढ़ता जा रहा है। अब बांग्लादेश उस पाकिस्तान के करीब आ रहा है जिसकी सेना ने ईस्ट पाकिस्तान में भयंकर कत्लेआम किया था। 1971 में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर पाकिस्तानी सेनाओं का कहर टूटा था।

उस समय खुलना, खुस्तिया, इसर्दीह आदि स्थानों पर क्या नरसंहार हुआ, क्या तबाही का आलम था, एक युद्ध संवाददाता के रूप में उसका प्रत्यक्षदर्शी गवाह स्वयं मैं हूँ। न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी 29 जून, 1971 की एक लोमहर्षक रिपोर्ट में पूर्वी पाकिस्तान के शहर फरीदपुर में सेना के आतंक की कहानी बयां की थी। पाकिस्तानी सेना ने फरीदपुर में हिंदुओं की दुकानों पर बड़े पीले रंग से ह्यएचह्न लिख दिया था जिन्हें सेना ने लूटना था। जाहिर है, ह्यएचह्न का मतलब हिन्दुओं की दुकानों से था। फरीदपुर के दस हजार हिंदुओं में से अधिकतर की हत्या कर दी गई थी और बचे-खुचे भारत में जान बचा कर चले गए थे।

स्पीड न्यूज

## भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न

**टंडवा।** हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर टंडवा में भाजपाइयों ने जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और पटाखे छोड़े। टंडवा चौक पर बबलू गुप्ता के नेतृत्व में होली और दीवाली एक साथ मनाई गई। प्रखंड उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता ने कहा कि हरियाणा के बाद अब झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर संजीव पांडेय, महेंद्र यादव, विकास मालाकार, मुकेश कुमार, नत्थू गुप्ता, सुनील चौरसिया, शशि चौरसिया, राजेंद्र सिंह और गणेश गुप्ता सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## ब्लॉक कर्मचारियों की मनमानी से नाराज हुईं प्रखंड प्रमुख

**गिद्धौर।** बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक बुलाई गई थी, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने बैठक को स्थगित कर दिया। प्रखंड प्रमुख ने ब्लॉक के कर्मचारियों की मनमानी पर नाराजगी जताई और कहा कि वे प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की नहीं सुनते हैं। ग्रामीण छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी पूरे दिन ब्लॉक में चक्कर लगाते रहते हैं। प्रखंड प्रमुख ने सभी कर्मचारियों को सुधरने की हिदायत दी और अगली पंचायत समिति की बैठक 18 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया। बैठक में उप प्रमुख प्रीतम यादव और पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु कुमारी भी उपस्थित थे।

## हरियाणा में भाजपा की जीत पर महेंद्र वर्मा ने जताया हर्ष

**डोमचांच (कोडरमा)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम जारी कर दिए गए हैं, जिसमें बीजेपी ने 48 सीटों पर जीत दर्ज की है और हरियाणा में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इसे लेकर भाजपा नेता सह अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा राज्य में फिर से भाजपा का कमल खिला है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी और हरियाणा की जनता को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। भाजपा हमेशा से सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के पटल पर कार्य कर रही है, जिससे राज्य सहित देश का विकास हो रहा है।

## आनंद क्लब पोकडंडा के द्वारा फाइनल मुकाबला, बाराडीह 1-0 से बना विजेता

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पिपराडीह पंचायत के आनंद कल्ब पोकडंडा द्वारा नॉकआउट फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया, जिसमे कुल 16 टीमों ने भाग लिया। वहीं मुख्य अतिथि जिप सदस्य महादेव राम ने फाइनल मैच का शुभारंभ फीता काटकर किया। वहीं फाइनल टूनार्मेंट बाराडीह और मंझगावां के बीच खेला गया, जिसमें बाराडीह की टीम ने खेल में ही एक गोल करने में सफल रही और विजेता बनी। वहीं उपविजेता टीम मंझगावां ने भी अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन दिखा रहे थे, मगर स्कोर करने में असफल रही। मौके पर टुकलाल दास, विनय कुमार, संजीत कुमार, शयमदेव यादव, रमेश यादव, बीरेंद्र यादव, अरुण यादव, उमेश यादव, बासदेव यादव, पिंटू दास समेत भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## मानसिक स्वास्थ्य पर परिचर्चा का आयोजन

**कोडरमा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के आलोक में बुधवार को मानसिक स्वास्थ्य पर परिचर्चा का आयोजन डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे सदर अस्पताल के चिकित्सक, पारा मेडिकल कर्मी और जिला स्वास्थ्य समिति प्रबंधन के सदस्य आदि मौजूद थे॥

### मृतक के बेटे बिधाय बिरहोर को दिया गया नियुक्ति पत्र

# उग्रवादी हिंसा में मारे गये बिरहोर परिवार के आश्रित की अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उग्रवादी हिंसा में मारे गए दो मृतक के आश्रितों को उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा अनुकंपा के आधार पर चतुर्थ वर्ग के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया। प्रशासन द्वारा 4 माह के अंदर मृतक के बेटे विधाय बिरहोर को दिया गया नियुक्ति पत्र। हिंदिया कला के उग्रवादी हिंसा में मारे गए बिरहोर परिवार के आश्रित को आवेदन प्राप्ति से चार माह के अंदर जिला प्रशासन द्वारा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति दी गई है। 25 मई 2024 को प्रतापपुर प्रखंड के हिंदिया कला के रहने वाले बिरहोर परिवार के बिफन बिरहोर की हत्या उग्रवादियों द्वारा की गई थी। प्रशासन के द्वारा मर्माहत परिवार को तात्कालिक रूप से आवासन एवं बाकी सहयोग किया गया था। साथ ही मृतक के बेटे एवं अन्य एक मृतक की पत्नी को झारखंड सरकार की नीति के तहत नोकरी व अनुग्रह अनुदान हेतु आश्वासित किया गया था। जिलास्तर पर आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कागजात, मेडिकल रिपोर्ट, पुलिस प्रतिवेदन आदि प्राप्त कर जिलास्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक में चतुर्थ श्रेणी में नौकरी की अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया था। जिसपर झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात आज मृतक के आश्रित पुत्र बिधाय बिरहोर को अनुकंपा के आधार पर चतुर्थ वर्ग के लिए नियुक्ति पत्र उपयुक्त रमेश घोलप द्वारा प्रदान किया गया। साथ ही अन्य एक मृतक के आश्रित को अनुकंपा के तहत ही एक लाख रुपया की अनुदान राशि देने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं एक अन्य मामले में 17 अप्रैल 2020 को टंडवा प्रखंड के ग्राम बचरा बस्ती के अक्षय कुमार की भी उग्रवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी इनके आश्रित पत्नी चंचला देवी को चतुर्थ वर्ग के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया। उक्त मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता विनय कुमार समेत लाभुक उपस्थित थे।

**बिधाय बिरहोर ने क्या कहा :** बिधाय बिरहोर ने न्युक्ति पत्र लेने के पश्चात बताया कि मैं झारखंड सरकार का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे पिता के उग्रवादी हिंसा में हुए हत्या के पश्चात मामले को संज्ञान में लेते हुए मात्र चार माह के अंदर मुझे नौकरी दिया। जिससे अब हम नौकरी से होने वाले आय से अपने परिवार का भरण पोषण अच्छे से कर सकूंगा। मुझे इस नौकरी के लिए जिला प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मियों द्वारा भी पूरा सहयोग मिला इसके लिए सभी को धन्यवाद।

**उपायुक्त ने कहा :** उपायुक्त घोलप ने बताया कि पीड़ित परिवार को प्रशासन के द्वारा घटना के पश्चात पीड़ित परिवार को संवेदनशीलता के साथ हर संभव मदद किया गया है। झारखंड सरकार के नीति के तहत बिरहोर परिवार को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र दी गई है। इसके अलावे उग्रवादी हिंसा से संबंधित कई लंबित मामलों का भी निष्पादन किया गया है एवं नियुक्ति पत्र भी वितरण किए गए है।

# दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

### सीसीटीवी कैमरे से दुर्गोत्सव की होगी निगहबानी, पुलिस पदाधिकारियों और दण्डाधिकारियों को किया गया प्रतिनियुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता





**कोडरमा।** दुर्गा पूजा का त्यौहार जिले में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज और एसपी अनुदीप सिंह ने संयुक्त निर्देश जारी कर जिले के पूजा पंडालों, मेले व संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल के साथ दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया है। पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति 11 अक्टूबर से लेकर 13 अक्टूबर प्रतिमा विसर्जन तक कि गयी है, साथ ही विधि व्यवस्था का सम्पूर्ण प्रभार एसडीओ और एसडीपीओ को दिया गया है। वहीं डीसी, एसपी द्वारा जारी किए गए संयुक्त निर्देश में कहा गया है कि जिले में दुर्गा पूजा का त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाना है, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी शांति व्यवस्था बनाये रखते हुए अपने स्तर से भी सूचनाओं का संग्रहन करेंगे और यदि किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने की आशंका हो तो तत्काल इसकी सूचना सम्बंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी के अलावे एसडीओ व एसडीपीओ को दें। वहीं प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, नगर प्रशासक और थाना प्रभारियों को संवेदनशील मार्गों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं असामाजिक तत्वों, अफवाहों और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने तथा शांति भंग करने वालों को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है, अग्निशमन विभाग को अग्निशामक सेवा के साथ जिला नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया है, इसके अलावे विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर अलग से जोनल दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी थाना प्रभारियों को नियमित रूप से गश्ती करवाने, विभिन्न चौक चौराहों पर कड़ी नजर रखने आदि का निर्देश दिया गया है, ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों तथा विवादित स्थलों पर कड़ी निगरानी रखने, वीडियोग्राफी करवाने का निर्देश दिया गया। वहीं सिविल सर्जन को 11 से 13 अक्टूबर तक स्वास्थ्य सुविधाओं को हाई अलर्ट पर रखने, सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एक-एक एम्बुलेंस उपलब्ध, डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को तैनात रखने का निर्देश दिया गया है।

## चतरा में चोरी-लूट के तीन आरोपित गिरफ्तार

**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के जजलो बाजार में बुधवार को चार घंटे के अंतराल में दो लूट की घटनाओं का अंजाम दिया गया। इस घटना से जाइलो बाजार के लोग काफी गुस्से में हैं। लूट की घटना का अंजाम देने के बाद लुटेरे हथियार फेंककर फरार हो गए। पहली घटना बाजार स्थित विनोद यादव के किराना दुकान में घटी। एक लुटेरा ग्राहक बनकर आया। सरसों का तेल लिया और 500 का नोट दिया। फिर 500 दिए हुए रुपये और सामान लेकर फरार हो गया। हो-हल्ला होने के बाद लोगों ने पीछा कर उसे शेरघाटी बाजार से पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना के चार घंटे भी बीते थे कि जजलो बाजार के ही डोमन यादव के मकान में स्थित क्लीनिक में तीन लुटेरे आए, जिसमें एक के पास हथियार था।

## मां भद्रकाली की संध्या महाआरती में उमड़ी भक्तों की भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** मां भद्रकाली मंदिर परिसर में प्रतिदिन सुबह और संध्या आरती में श्रद्धालु भाग लेते हैं, लेकिन शारदीय नवरात्र के दौरान संध्या आरती में सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। आरती में भाग लेने वाले सैकड़ों महिला-पुरुष अपने साथ दीप बत्ती इत्यादि लेकर पहुंच रहे हैं। आरती के पश्चात प्रतिदिन स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा बताशे, फल इत्यादि के प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया जा रहा है।

मंगलवार को मां भद्रकाली मंदिर में आयोजित संध्या महाआरती में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे मंदिर परिसर में भव्य माहौल बन गया। नवरात्रि शुरू होते ही प्रखंड मुख्यालय से लेकर गांवों तक का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है।

## विजयादशमी उत्सव शक्ति की आराधना और साधना का पर्व है : आशुतोष

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी उत्सव मनाया गया। वहीं उत्सव की शुरुआत स्वयंसेवकों ने ब्लॉक मैदान से पथ संचालन निकाला गाया, जो ब्लॉक मैदान से झंडा चौक, ओवर ब्रिज, डाकघर, गांधी स्कूल रोड होते हुए कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। वहीं संचलन के माध्यम से समाज को अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा का उदाहरण पेश किया। इस दौरान समाज को संदेश दिया कि चाहे जिम्मेदारियां कितना भी हो लेकिन सामाजिक काम करने से पीछे नहीं रहना चाहिए। रास्ते में विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी, गायत्री शक्तिपीठ एवं अन्य संस्थाओं के द्वारा पुष्प वर्षा की गई। वहीं कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने कहा कि आरएसएस साल में 6 उत्सव मनाता है, विजयादशमी उसमें एक है।

## सप्तमी के अवसर पर भव्य कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** प्रखंड के विभिन्न दुर्गा पूजा स्थानों से बुधवार को सप्तमी तिथि के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। इनमें परोका सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, इटखोरी चौक, इटखोरी टाल, करणी, पितीज-गुल्ली और परसौनी आदि पूजा समिति द्वारा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु इटखोरी चौक होते मां भद्रकाली मंदिर के उत्तर वाहिनी नदी के तट पर पहुंचे। यहां पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार कर विधि-विधान के साथ मां गंगा की पूजन की।मां गंगा की पूजन के बाद नदी के तट से श्रद्धालु कलश में जल भरकर सर पर कलश लेकर पुनः उसी रास्ते से अपने-अपने पूजा पंडाल पहुंचे। यहां कलश स्थापित कर मां कालरात्रि की पूजन की गई। इन दुर्गा पूजा समिति द्वारा आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया है। जिसमें दूधिया और रंगीन रोशनी की व्यवस्था की गई है। जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। पंडाल के अंदर मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, महिषासुर और रिद्धि सिद्धि आदि देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई है। जहां श्रद्धालु मां के दर्शन करने बड़ी संख्या में जुटने लगे हैं।

# 250 साल पुरानी परंपरा, आज भी कंधे पर किया जाता है मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के इटखोरी प्रखंड के टाल गांव में स्थित मां देवी दुर्गा प्रतिमा पूजा का इतिहास करीब 250 साल पुराना है। यहां की एक प्रमुख विशेषता यह है कि माता की प्रतिमा का विसर्जन गाड़ी या घोड़े पर नहीं, बल्कि भक्तजन अपने कंधे पर माता की डोली लेकर विसर्जन को जाते हैं। शारदीय नवरात्र में यहां भव्य पूजा पंडाल और मेला का आयोजन किया जाता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इटखोरी टाल पर का दुर्गा पूजा का इतिहास लगभग ढाई सौ साल पुराना है। इटखोरी टाल गढ़ के राजा डेग नारायण सिंह ने यहां पूजा की शुरूआत की थी, तब से यहां पर पूजा अटूट रूप से निरंतर होती आ रही है। नवरात्रि के पहले दिन, मंदिर में कलश स्थापना की पारंपरिक विधि होती है। कलश स्थापना से पहले, मिट्टी राजा डेग नारायण सिंह के राजगढ़ से लाई जाती है, और पुजारी एक पैर पर मिट्टी लेकर आते हैं। इसके बाद, कलश स्थापना की विधि पूरी की जाती है। यहां पर पहले भैंसे व बकरे बलि दी जाती थी, लेकिन अब नारियल, गन्ना , फल व भथुआ की बलि दी जाती है।

श्रद्धा और आस्था के साथ जुड़ा है टाल पर की दुर्गा पूजा : लगभग ढाई सौ साल पहले टाल पर दुर्गा पूजा का आयोजन शुरू हुआ था, जिसके बाद पितीज गांव, ग्राम गुल्ली, करनी, परसौनी, परोका बगीचा और इटखोरी बाजार में भी दुर्गा पूजा का आयोजन होने लगा। हालाँकि, टाल पर की दुर्गा पूजा से प्रखंड के लोगों की श्रद्धा और आस्था आज भी जुड़ी हुई है और नवरात्र में प्रखंड के अधिकांश गांव के लोग टाल पर की मां दुर्गा का दर्शन करने आवश्यक रूप से आते हैं।

## जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने किया पूजा पंडालों का भ्रमण

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखण्ड क्षेत्र के राजपुर, शायल बगीचा, बड़वार, चिल्हैया, बादबीघा, बाराबागी, बकचुम्मा समेत कई पूजा पंडालों का भ्रमण करते हुए ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने पूजा कमिटी के पदाधिकारियों, सदस्यों और भक्तों से बातचीत की। उन्होंने सभी से शांति और सद्भाव के साथ पर्व मनाने का आग्रह किया। श्री तिवारी ने कहा कि दुर्गा पूजा पर्व बुराई पर अच्छाई का त्यौहार है और यह लोगों को एकजुट करता है तथा सामाजिक और सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देता है। इस दौरान अंचलाधिकारी मनोज कुमार गोप, थाना प्रभारी संदीप कुमार, भाजपा नेता सतीश सिंह, गुजुन सिंह, संतोष कुमार, कमांडो रजक, प्रिंस केशरी के साथ अनेकों युवा साथी भी मौजूद थे।

एक नजर में

## महिला ने एक साथ तीन बच्चे को दिया जन्म, जच्चा बच्चा स्वस्थ्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के बाईपास स्थित जया हॉस्पिटल में एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। वहीं तीनों बच्चे और मां पूरी तरह से स्वस्थ हैं। मिली जानकारी के अनुसार जयनगर प्रखंड के कांको निवासी उदय कुमार पंडित की पत्नी फूल देवी ने तीन बच्चों को जन्म दिया, इसमें दो बेटा और एक बेटी है। वहीं मां और तीनों बच्चे स्वस्थ हैं। फूल देवी के पहले से दो बेटी है। वहीं महिला सर्जन डॉ. शिल्पी काजल ने बताया कि एक साथ तीन बच्चों का जन्म देने की घटनाएं हजारों में एक होती है, तीनों बच्चों का जन्म सिजेरियन से हुआ है। वहीं उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला की स्थिति काफी क्रिटिकल थी। 32 सप्ताह 5 दिन पूरे हो चुके थे, जन्म लिए पहले दो बच्चे गर्भ में उल्टा स्थिति में थे एवं महिला को लेबर पेन काफी था, 9 महीना पूरा होने में अभी भी दो माह बचा हुआ था। इसलिए सिजेरियन करने की जरूरत पड़ी। तीनों बच्चे का वजन क्रमशः 1 केजी 500 ग्राम है, और सभी बच्चे का जन्म का समय एक-एक मिनट के अंतराल पर हुआ। वहीं सिजेरियन में एनेस्थेटिक डॉ.विकास गौरव व डॉ. उमेश चंद्र ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई।

## आमजनों के हित व उपयोगिता के आधार पर योजनाओं का करें चयन : उपायुक्त

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक की गयी। बैठक में जिला योजना निधि अंतगर्त योजनाओं के कार्यान्वयन, वितीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त आवंटन के विरुद्ध अनाबद्ध निधि से क्रियान्वित की जा रही योजनाओं आदि पर विस्तृत चर्चा किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला योजना अनाबद्ध निधि से सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण को लेकर स्थल चिन्हित कर, प्रस्ताव तैयार करने, जिले के विद्यालयों में रनिंग वाटर या शौचालय निर्माण को लेकर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान सम्बंधित अधिकारियों से पशुपालन, कृषि और मत्स्य विभाग से संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने जिले के जर्जर सड़कों के जीर्णोद्धार को लेकर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का चयन आमजनों के हितों और उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीएफओ सौमित्र शुक्ल, एसी पूनम कुजूर, डीएसओ अविनाश पुरेन्दु, डीपीओ अनूप कुजूर आदि मौजूद थे।

## चौकीदार पद पर बहाली को लेकर शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा का आयोजन

**कोडरमा।** जिले में चौकीदार पद पर नियुक्ति को लेकर बांझेडीह स्थित केटीपीएस सड़क पर शारीरिक दक्षता जांच और दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थी शामिल हुए। वहीं शारीरिक दक्षता जांच और दौड़ परीक्षा को शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर पर्याप्त मात्रा में दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया था, साथ ही स्टेटिक कैमरे और ड्रोन कैमरे से दौड़ परीक्षा की निगरानी की जा रही थी। मौके पर एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीएसओ अविनाश पुरेन्दु आदि मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी सेविका सहायिका की हड़ताल जारी रहेगी : सीटू

**कोडरमा।** आठ सूत्री मांगों को लेकर 5 अक्टूबर से जारी सेविका सहायिका की बेमियादी हड़ताल जारी रखने का आह्वान किया गया है। यह निर्णय बुधवार को ब्लॉक परिसर झुमरीतिलैया में झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की जिला स्तरीय बैठक में लिया गया। ज्ञात हो कि मंगलवार देर रात को झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं के नियमावली में संशोधन करने का प्रस्ताव लिया गया है। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि झारखंड सरकार की कैबिनेट ने नियमावली में संशोधन का जो प्रस्ताव पारित किया गया है, वह सेविका सहायिकाओं के लिए सिर्फ लॉलीपॉप है। हर साल मानदेय बढ़ाने की प्रक्रिया सरल करने और जुलाई 2023 से एरियर के साथ लागू करने और अनुकम्पा में बहुलता शब्द को हटा दिया गया है, जो नाकाफी है। वहीं सेविका सहायिकाओं की आठ सूत्री मांगों में वेतनमान देने, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी देने, रिटायर्मेंट के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख एकमुश्त राशि देने, वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन देने और मार्केट रेट पर पोषाहार राशि देने की प्रमुख मांग शामिल है। जिस पर कोई विचार नहीं किया गया है। जिससे सेविका सहायिका में काफी रोष है। इसलिए कैबिनेट का प्रस्ताव का विभाग द्वारा लिखित आदेश जारी होने और उसका अध्ययन करने के बाद ही दुर्गापूजा के बाद आगे की आंदोलन की घोषणा की जाएगी, तब तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया। वहीं आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि इस बार झारखंड सरकार के झांसे में नहीं आने वाले हैं, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में संतोषी कुमारी, कविता यादव, शकुन्तला मेहता, मंजू मेहता, बेबी देवी, गुंजा कुमारी, सुरेन्द्र पाण्डेय, शोभा प्रसाद, नीलम यादव, कुमारी अनामिका, विमला देवी, हीना, कंचन देवी, संध्या बर्णवाल, सुमैया जमीर, संतोषी देवी, रानी, संध्या, उमा मोदी, रामदुलारी, सरवरी खातुन, रेखा रजक, पिंकी, चमेली, मनीषा, नूतन सिहं, रेश्मा, फरीदा, फिरोजा, तर्रनुम, उषा, कोमन, जैनब, ललिता, मीना एक्का, संगीता, गीता, साजदा, मंजू, अनीता, मुन्ना रजक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पेंशनर समाज की बैठक, भवन मरम्मति व पेयजल आपूर्ति की मांग

**कोडरमा।** बुधवार को झारखंड राज्य पेंशनर समाज की मासिक बैठक अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कहा गया कि नवंबर 2024 में सभी पेंशन भोगियों को अपने-अपने पेंशन भुगतान बैंक में जीवित प्रमाण पत्र जमा करना है। समय पर बैंक शाखों में जाकर लाइफ सर्टिफिकेट जमा करें ताकि पेंशन प्रभावित न हो। माध्यमिक सेवानिवृत शिक्षक जो अर्हताारी हैं, जिन्हें अब तक प्रवरण वेतनमान का लाभ नहीं मिला है इस संबंध में जिले के उपायुक्त एवं डीईओ से अविलंब कार्यवायी करने हेतु मांग की गई। बैठक में कहा गया कि पुराना कोषागार का एक हिस्सा पेंशनर समाज कोडरमा को कार्यालय हेतु आवंटित किया गया है, उसकी मरम्मति एवं रंग रोगन की अति आवश्यकता है। इस संबंध में उपायुक्त से कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल के साथ ही जलापूर्ति हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को निर्देश देने की मांग की गई। बैठक में अध्यक्ष नारायण मोदी के अलावा सचिव नारायण सिंह, रामनरेश चौधरी, किशोरी प्रसाद यादव, सुभाष शर्मा, राजेंद्र सिंह, चंद्रिका प्रसाद, सीता प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## जिला पड़हा लातेहार एवं आदिवासी संगठन ने जमीन बचाओ अभियान के तहत डीसी कार्यालय का किया घेराव

# सीबीआई जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता


धरना में लोगों को संबोधित करते पूर्व मंत्री देव कुमार धान।


धरना में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** जिला पड़हा लातेहार एवं समस्त आदिवासी संगठन के द्वारा आयोजित आदिवासी जमीन बचाओ अभियान के तहत बुधवार को पड़हा राजा प्रभु दयाल सिंह के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री देव कुमार धान शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों की जमीन को लूटा जा रहा है। जमीन के नेचर चेंज कर आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसी भी राजनीतिक दल द्वारा इस पर लगाम लगाने की कोशिश नहीं की। बीजेपी, कांग्रेस, जेएमएम आदिवासियों की रक्षा की बात तो करते है, लेकिन उन्हें लोग द्वारा आदिवासी की जमीन को लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जितनी जमीन लूटी गई है। इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी जमीन बिना ग्राम सभा की अधिग्रहण नहीं कर सकती। उन्होंने सामाजिक धार्मिक जमीन जैसे पहनई, मुंडारी, पुजार, महतोई कोटवारी आदि जमीन की चिन्हित कर रक्षा करने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि जमीन सुधार करने जाए तो सीओ द्वारा प्रति डिसमिल एक से दो हजार रुपए लिया जा रहा है। जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल सिंह ने कहा कि जमीन लूट का सीबीआई जांच कराई जाए। वर्ष 1989-90 में जो सर्वे हुआ था। उसमें 75 प्रतिशत जमीन में गड़बड़ी हुई है। उसे पुनः सर्वे करा कर सुधार किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि सादा पट्टा से आदिवासियों की जमीन की खरीद बिक्री की जा रही है। उसे रोक लगाया जाए। लोहरा समाज के जिला अध्यक्ष मोहन लोहरा ने कहा कि आदिवासी लोहार के खतियानी जमीन को जनरल जमीन बात कर खरीद की जा रही है। इसे रोका जाए। उन्होंने कहा कि गैर मजुरुआ जमीन को फर्जी कागज बनाकर बेचा जा रहा है। आरागुंडी मुखिया रवि भगत ने कहा कि जिस तरह से झारखंड में आदिवासियों की जमीन को लूटा जा रहा हैं। इसे रोका नहीं जाए तो आदिवासी भूमिहीन हो जायेंगे। धरना से पहले समाज के लोगों ने बाजारटांड़ से विरोध रैली निकालते हुए मेन रोड होते हुए समाहरणालय पहुंची। जहां धरना में तब्दिल हो गई। इस मौके पर 24 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। इसके अलावे इसकी प्रतिलिपि राष्ट्रीय जनजाति आयोग नयी दिल्ली, सचिव राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पुलिस महानिर्देशक, पलामू आयुक्त, उपायुक्त लातेकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। मौके पर रंथू उरांव, बिरसा मुंडा, दिगंबर टाना भगत, सुकू उरांव, रामलाल उरांव, पहलू उरांव, राजू गंझू, धनराज टाना भगत, रजंती देवी, विनोद उरांव, चमरू उरांव समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष लोग मौजूद थे।

### धरना के वजह से आवास नहीं जा पाए डीसी

समाहरणालय के मुख्य द्वार में धरना प्रदर्शन होने के कारण जिले के आला अधिकारी को आने-जाने में काफी परेशानी हुई। अपने कार्यालय से डीसी उत्कर्ष गुप्ता जैसे ही आवास के लिए निकले। धरना प्रदर्शन देख पुनः कार्यालय चले गए। डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह को पैदल अपने आवास जाना पड़ा। वहीं कई अधिकारी को दूसरे रास्ते से आना जाना पड़ा।

### एसडीओ व पूर्व मंत्री में हुई बहस

धरना के दौरान एसडीओ अजय रजक मौके पर पहुंचे और लोगों को धरना समाप्त करने की बात कही। इस पर पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि अपने हक अधिकार की लड़ाई के लिए आंदोलन कर रहे हैं। इसकी सुचना दी जा चुकी है। तब एसडीओ अजय रजक ने कहा कि धरना संबंधित कोई सूचना पहले नहीं मिली है। इस दौरान दोनों के बीच तीखी बहस भी हुई। इसके कुछ देर के बाद धरना समाप्त हुई।

## स्पीड न्यूज

### हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा झारखंड में 15 सीट पर चुनाव लड़ेगी: प्रदेश अध्यक्ष डब्लू महतो


बैठक में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** माको डाक बंगला में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेकुलर का बैठक हुआ। बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डब्लू महतो उपाध्यक्ष बिक्की श्रीवास्तव ने इस बैठक में भाग लिया। जिसमें भारी संख्या में सभी प्रखंड से पहुंचे हम कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष डब्लू महतो ने बताएं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) जन समस्याओं के लिए लड़ती है। सभी वर्गों को लेकर चलती है इस पार्टी से आप लोग जुड़ करके और अपनी समस्या के लिए लड़े मंत्री जीतन राम मांझी आपकी लड़ाई को दिल्ली तक ले जाएंगे इन्होंने बताया कि झारखंड में हम से 15 सीट्स पर लड़ने का सोचे हैं। इसके लिए तैयारी जोर-सोर से चल रही है इस बैठक में कर सहमत से लातेहार जिला अध्यक्ष के रूप में राजेंद्र भुइयां युवा जिला अध्यक्ष रंजीत भुइयां युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह को बनाया गया इस बैठक में मुख्य रूप से तुलसीराम मनोज भैया उपेंद्र भैया प्रेम भैया नारायण भैया संतोष भैया सागर कुमार शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित है।

### महाअष्टमी की पूजा शुक्रवार को 4.30 बजे से

**लातेहार।** नवरात्र के दौरान अष्टमी पूजा को लेकर असमंजस खत्म हो चुकी है. दरअसल, नवरात्र के दौरान अष्टमी और नवमीं तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति बनी थी. अष्टमी गुरुवार को मनाई जाएगी या शुक्रवार को, इसको लेकर लोगों में सशंय था. जानकारों का मानना है कि उदया तिथि के कारण ऐसी भ्रम की स्थिति बनी है खबर मंत्र ने इस संबंध में मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर के पुजारी त्रिभुवन पांडेय से बात की. उन्होंने बताया कि सप्तमी और अष्टमी एक साथ होने के कारण 10 अक्टूबर को उपवास नहीं करना है. अगले दिन यानी शुक्रवार को सुबह 4:30 से अष्टमी पूजन का शुभारंभ होगा। बताया कि सुबह 6:30 बजे में 108 दीप का प्रज्जवलन किया जायेगा. शुक्रवार को उपवास करने की बात उन्होंने कही. कहा कि 11 अक्टूबर को अष्टमी के बाद नवमी तिथि प्रवेश होगा. इस दौरान कन्या पूजन, कन्या भोज और महागौरी के आगमन पूजा होगी. दरअसल इस बार नवरात्रि पूरे नौ दिन की है. कोई भी दिन खंडित तिथि नहीं है. बताया कि नौ देवियों का आगमन प्रथम दिन से पूरे नौ दिनों तक अलग-अलग तिथियों को हो रहा है. 11 अक्टूबर को दुर्गा नवमी, पाठ पारायण, व्रत, पूजा, उपवास और पूणाहुति की जाएगी. 12 अक्टूबर शनिवार को विजयादशमी मनाया जायेगा।

### गोगो दीदी योजना के नाम से कोई योजना संचालित नहीं: बीडीओ

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के कई गाँवो में गोगो दीदी योजना के तहत आवेदन प्रपत्र भरवाया जा रहा है, जिसे लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नंद कुमार राम ने प्रखंड कार्यालय से सूचना ( ज्ञापांक -1236 दिनांक 07.10.2024) जारी कर कहा है कि- प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रो से यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ लोगों के द्वारा ‘गोगो दीदी योजना’ के नाम से 2100/- रू० प्रति महिला को लाभ देने हेतु आवेदन प्रपत्र भरवाया जा रहा है। इस संबंध में एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातू मे ‘गोगो दीदी योजना’ के नाम से कोई भी योजना संचालित नही है और न ही प्रशासन द्वारा कोई आवेदन प्रपत्र जारी किया गया है। साथ ही उन्होंने आम लोगो से ऐसे भ्रामक विज्ञापन से सावधान रहने की अपील किया है।

### उप प्रमुख ने किया चबूतरा का उद्घाटन

**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर के समीप बेल वरन पूजा के साथ नवनिर्मित चबूतरा का उद्घाटन प्रखंड उप-प्रमुख निशा शाहदेव ने पूजा अर्चना के साथ फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन बब्लु पाण्डेय द्वारा वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना किया गया। वही इस संबंध मे उप प्रमुख निशा शाहदेव ने बातया की यहां चबूतरा नहीं होने के कारण बैठने उठने के लिए ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी।

### महुआमिलान के भव्य पंडाल का प्रतुल शाहदेव ने किया उद्घाटन

**चंदवा।** दुर्गा मंडल, रोल के भव्य पूजा पंडाल का षष्ठी की रात्रि को उद्घाटन किया गया। उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं दुर्गा मंडल रोल के अध्यक्ष प्रतुल शाह देव ने किया। पुरोहित श्याम नारायण मिश्रा के विधिवत पूजन के बाद भक्तों ने मां का दर्शन का आशीर्वाद लिया। ज्ञातव्य है कि दुर्गा मंडल रोल के द्वारा आयोजित पूजा का ये 18 वां वर्ष है। इस बार पंडाल और प्रतिमा को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया है। उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए प्रतुल शाहदेव ने यह कामना की कि दुर्गा मां की कृपा पूरे क्षेत्र में बनी रहे और पूरे क्षेत्र में जो आज जो शांति बहाल हुई है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

**शुद्धि पत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– BCD/EE/ HAZARIBAG/32/2024-25. PR संख्या– 337424 (Building)24-25*D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 338561 Building (24-25)_D

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची
### विधान सभा (आम) निर्वाचन 2024 (प्रशिक्षण कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

विधान सभा (आम) निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers) / सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers) / सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) के प्रथम चरण (1st Phase) का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित है:–

प्रशिक्षण स्थल :– राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची

प्रशिक्षण कार्यक्रम

| Training Date | Shift | Time | Pin Number |
|---|---|---|---|
| 15 October 2024 (Tuesday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | 340100002 to 340100969 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | 340100970 to 340101899 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340101900 to 340102873 |
| 16 October 2024 (Wednesday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | 340102874 to 340103824 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | 340103825 to 340104720 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340104721 to 340105638 |
| 17 October 2024 (Thursday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | 340105641 to 340106616 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | 340106618 to 340107631 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340107633 to 340108574 |
| 18 Ocober 2024 (Friday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | 340108575 to 340109488 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | 340109490 to 340110375 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340110376 to 340111529 |
| 19 October 2024 (Saturday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | 340111530 to 340112536 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | 340112537 to 340113524 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340113525 to 340114509 |
| 21 October 2024 (Monday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | 340114510 to 340115438 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | 340115439 to 340116332 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340116333 to 340117271 |
| 22 October 2024 (Tuesday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | 340117272 to 340118310 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | 340118311 to 340119282 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340119283 to 340120247 |
| 23 October 2024 (Wednesday) | 1st | 10.00 AM to 12.00 Noon | 340120248 to 340121285 |
| | 2nd | 12.30 PM to 02.30 PM | 340121286 to 340121863 |

नोट:–
1. राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची (सी0आई0पी0 काँके के समीप) के मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे। विद्यालय के परिसर में ही पार्किंग की व्यवस्था है। कमरावार सिटिंग प्लान प्रशिक्षण स्थल पर अंकित रहेगा। निर्धारित सिटिंग प्लान के अनुसार सभी पीठासीन पदाधिकारी (Presiding Officer) / सभी प्रथम मतदान पदाधिकारी (1st Polling Officer) / सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारी (2nd Polling Officer) / सभी तृतीय मतदान पदाधिकारी (3rd Polling Officer) निर्धारित तिथि एवं पाली में ससमय अपना स्थान ग्रहण करना सुनिश्चित करेंगे।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग नहीं लेने वाले पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers) / प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers) / द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) के विरूद्ध जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह- उपायुक्त, राँची

PR 338713 Ranchi (24-25)_D

## पायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
(email-asst.dir.socialsecurityramgarh@gmail.com)

**–:: आवश्यक सूचना ::–**

रामगढ़ जिलान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों से यह सूचना प्राप्त हो रही है कि कुछ लोगों के द्वारा "गोगो दीदी योजना" के नाम से 2100/–रू0 प्रति महिला को लाभ देने हेतु आवेदन प्रपत्र भरवाया जा रहा है। इस संबंध में एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग रामगढ़ अन्तर्गत "गोगो दीदी योजना" के नाम से कोई भी योजना संचालित नहीं है और न ही जिला प्रशासन द्वारा कोई आदेश जारी किया गया है। आम लोगों से अनुरोध है कि ऐसे भ्रामक विज्ञापन से सावधान रहें।

ह०/–
सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग, रामगढ़।

PR 338493 District(24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

**अति अल्पकालिन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ F2-40/2024-25 (3rd Call) दिनांक – 08.10.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 09.10.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 17.10.2024 ( अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.10.2024 ( अपराह्न 02:00 बजे )

| क्र0 | योजना का नाम | मद | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Renovation of Boundary wall & P.C.C. approach road fo ST Bous Hostel Bazar tand Block- Sisai Dist.- Gumla | ITDA | 2097861.00 | 42000 | 5000.00 | 03 माह |

नोट:–
(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 338635 (Minor Irrigation)24-25*D

## सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा
### (भू-अर्जन शाखा)
### प्रपत्र VII
### झारखण्ड सरकार
### राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू-अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

अधिघोषणा सं0 .............................. दिनांक..............................

चूंकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम– मच्छकट्टा, थाना नं0 – 47 थाना – बोलबा, अंचल– बोलबा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना– ठेठाईटांगर–बोलबा–केरसई–किनकेल पथ (**MDR-04**) (कुल –लंबाई–57.9 कि0मी0) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोषित किया जाता है कि ग्राम – मच्छकट्टा, थाना नं0 – 47, थाना – बोलबा, अंचल – बोलबा, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश **7.205** एकड़ यानि **2.91576** हेक्टेयर मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या: उ0 | द0 | पू0 | प0 | वृक्ष: किस्म | संख्या | संरचनाएँ: प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 3 | 155 | रैयती | टांड़ तीन | 0.014 | मन्दुरा गोझु वगैरह | नीज | रास्ता | नीज | जंगल | | | | |
| 2 | 13 | 1330 | रैयती | टांड़ तीन | 0.092 | अघनु गंझु वगैरह | बुधराम सिंह | अकलू सिंह | सड़क | नीज | | | | |
| 3 | 13 | 1332 | रैयती | टांड़ तीन | 0.053 | अघनु गंझु वगैरह | नीज | जेठु सिंह | सड़क | नीज | | | | |
| 4 | 13 | 1333 | रैयती | टांड़ तीन | 0.02 | अघनु गंझु वगैरह | बंधु सिंह | अजीत लकड़ा | नीज | सड़क | | | | |
| 5 | 13 | 1345 | रैयती | टांड़ तीन | 0.137 | अघनु गंझु वगैरह | सुखदेव सिंह | सुखदेव सिंह | सड़क | नीज | | | | |
| 6 | 13 | 1349 | रैयती | टांड़ तीन | 0.123 | अघनु गंझु वगैरह | सड़क | नीज | रोड | 1350 | | | | |
| 7 | 13 | 1393 | रैयती | दोन एक | 0.016 | अघनु गंझु वगैरह | जेठु सिंह | नीज | सड़क | नीज | | | | |
| 8 | 13 | 1395 | रैयती | टांड़ एक | 0.031 | अघनु गंझु वगैरह | सुखदेव सिंह | बंधु सिंह | सड़क | नीज | | | | |
| 9 | 13 | 1419 | रैयती | टांड़ एक | 0.017 | अघनु गंझु वगैरह | अजीत लकड़ा | नीज | नीज | सड़क | | | | |
| 10 | 14 | 160 | रैयती | टांड़ तीन | 0.085 | लुकस खड़िया | सड़क | नीज | लिबनुस कुल्लू | बकास्त | | | | |
| 11 | 14 | 161 | रैयती | टांड़ तीन | 0.097 | लुकस खड़िया | रास्ता | नीज | रास्ता | नीज | | | | |
| 12 | 14 | 170 | रैयती | टांड़ तीन | 0.043 | लुकस खड़िया | रास्ता | नीज | रास्ता | नीज | | | | |
| 13 | 14 | 1366 | रैयती | टांड़ तीन | 0.005 | लुकस खड़िया | | | | | | | | |
| 14 | 16 | 171 | रैयती | टांड़ तीन | 0.049 | दुनिया रौतिया वल्द बेचन रौतिया | सड़क | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 15 | 16 | 174 | रैयती | टांड़ तीन | 0.003 | दुनिया रौतिया वल्द बेचन रौतिया | नीज | सड़क | बुधराम सिंह | बुधराम सिंह | | | | |
| 16 | 19 | 1350 | रैयती | टांड़ तीन | 0.098 | बकाशत | राजेश तिर्की | मध्य विद्या0 | नीज | सड़क | | | | |
| 17 | 20 | 1356 | रैयती | टांड़ तीन | 0.114 | अघनु गंझु वगैरह | करमेला तिर्की | मोटकी देवी | नीज | सड़क | | | | |
| 18 | 21 | 1348 | रैयती | टांड़ तीन | 0.017 | अघनु गंझु वगैरह | जेठु सिंह | जेठु सिंह | नीज | सड़क | | | | |
| 19 | 21 | 1357 | रैयती | टांड़ तीन | 0.003 | अघनु गंझु वगैरह | | | | | | | | |
| 20 | 23 | 1355 | रैयती | टांड़ तीन | 0.055 | बहीरा उरांव वगैरह | इन्द्रमनी राम | राजेश तिर्की | नीज | सड़क | | | | |
| 21 | 38 | 1646 | रैयती | दोन तीन | 0.001 | अर्जुन उरांव वगैरह | | | | | | | | |
| 22 | 38 | 1647 | रैयती | दोन तीन | 0.03 | अर्जुन उरांव वगैरह | | | | | | | | |
| 23 | 45 | 1632 | रैयती | टांड़ दो | 0.109 | गन्दिरा उरांव वगैरह | सुरजू राम | जोहन खेस्स | नीज | सड़क | महुआ पेड़ | 1 | | |
| 24 | 45 | 1643 | रैयती | टांड़ तीन | 0.091 | गन्दिरा उरांव वगैरह | | | | | | | | |
| 25 | 53 | 1323 | रैयती | टांड़ दो | 0.087 | जुनाथन उरांव | अजीत लकड़ा | अजीत लकड़ा | सड़क | नीज | | | | |
| 26 | 53 | 1331 | रैयती | टांड़ तीन | 0.025 | जुनाथन उरांव | नीज | अजीत लकड़ा | सड़क | नीज | | | | |
| 27 | 53 | 1405 | रैयती | टांड़ तीन | 0.053 | जुनाथन उरांव | जेठु सिंह | कोरनेलियुस | सड़क | नीज | | | | |
| 28 | 53 | 1408 | रैयती | टांड़ तीन | 0.014 | जुनाथन उरांव | जेठु सिंह | नीज | नीज | सड़क | | | | |
| 29 | 53 | 1417 | रैयती | टांड़ तीन | 0.017 | जुनाथन उरांव | अजीत लकड़ा | लिबनुस कुल्लू | नीज | सड़क | | | | |
| 30 | 53 | 1484 | रैयती | टांड़ तीन | 0.111 | निर्मल उरांव वल्द जुनाथन उरांव | | | | | | | | |
| 31 | 53 | 1489 | रैयती | दोन तीन | 0.005 | निर्मल उरांव वल्द जुनाथन उरांव | | | | | | | | |
| 32 | 69 | 1645 | रैयती | दोन तीन | 0.021 | बन्धा उरांव वल्द मुटा उरांव | नीज | नीज | सड़क | नीज | | | | |
| 33 | 69 | 1736 | रैयती | दोन तीन | 0.008 | बन्धा उरांव वल्द मुटा उरांव | | | | | | | | |
| 34 | 70 | 1353 | रैयती | टांड़ तीन | 0.065 | बंधु उरांव | | | | | | | | |
| 35 | 72 | 1642 | रैयती | टांड़ तीन | 0.057 | जोसफ उरांव | अजीत लकड़ा | सहदोर तिर्की | सड़क | नीज | | | | |
| 36 | 75 | 1407 | रैयती | टांड़ दो | 0.041 | मंगरा उरांव वल्द शोमा उरांव | अजीत लकड़ा | सुरज सिंह | सड़क | नीज | | | | |
| 37 | 87 | 1633 | रैयती | टांड़ तीन | 0.011 | थोमस तिर्की वगैरह | | | | | | | | |
| 38 | 87 | 1637 | रैयती | टांड़ तीन | 0.071 | थोमस तिर्की वगैरह | जोहन खेस्स | इन्द्रमनी राम | नीज | सड़क | | | | |
| 39 | 87 | 1688 | रैयती | टांड़ दो | 0.051 | थोमस तिर्की वगैरह | | | | | | | | |
| 40 | 87 | 1691 | रैयती | टांड़ दो | 0.007 | थोमस तिर्की वगैरह | जोहन खेस्स | नीज | सड़क | नीज | | | | |
| 41 | 88 | 1340 | रैयती | टांड़ एक | 0.029 | लगड़ा भोगता वो चन्दर भोगता पेशरान ननका भोगता | सरकारी | बंधु सिंह | नीज | सड़क | | | | |
| 42 | 90 | 140 | रैयती | टांड़ तीन | 0.094 | बासिल खड़िया वगैरह | | | | | | | | |
| 43 | 91 | 141 | रैयती | टांड़ तीन | 0.041 | बासिल खड़िया वगैरह | | | | | | | | |
| 44 | 91 | 142 | रैयती | टांड़ तीन | 0.105 | बासिल खड़िया वगैरह | नीज | रास्ता | झा0 सरकार | सिमाना | | | | |
| 45 | 92 | 1214 | रैयती | दोन दो | 0.019 | गोन्दरा उरांव | | | | | | | | |
| 46 | 93 | 1463 | रैयती | टांड़ तीन | 0.116 | सिरील उरांव | लिबनुस कुल्लू | सुरजू राम | नीज | सड़क | | | | |
| 47 | 94 | 1221 | रैयती | टांड़ तीन | 0.075 | इलियस उरांव | तना उरांव | नीज | सड़क | नीज | | | | |
| 48 | 94 | 1222 | रैयती | टांड़ तीन | 0.147 | इलियास उरांव | | | | | | | | |
| 49 | 94 | 1497 | रैयती | टांड़ तीन | 0.012 | इलियास उरांव | | | | | | | | |
| 50 | 94 | 1504 | रैयती | टांड़ तीन | 0.038 | इलियस उरांव | | | | | | | | |
| 51 | 96 | 1420 | रैयती | मकान सहन | 0.004 | इलियास उरांव | | | | | | | | |
| 52 | 96 | 1465 | रैयती | टांड़ तीन | 0.049 | इलियास उरांव | | | | | | | | |
| 53 | 96 | 1491 | रैयती | टांड़ तीन | 0.111 | इलियास उरांव | | | | | | | | |
| 54 | 104 | 1322 | रैयती | टांड़ तीन | 0.037 | गम्भीर रौतिया वल्द लोदरी रौतिया | | | | | | | | |
| 55 | 104 | 1410 | रैयती | टांड़ तीन | 0.002 | गम्भीर रौतिया वल्द लोदरी रौतिया | कोरनेलुस | अजीत लकड़ा | सड़क | नीज | | | | |
| 56 | 104 | 1492 | रैयती | टांड़ तीन | 0.011 | गम्भीर रौतिया वल्द लोदरी रौतिया | एनुस बाड़ा | नीज | नीज | सड़क | | | | |
| 57 | 17 | 1339 | गै0म0 | मोटा आर | 0.024 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 58 | 17 | 1394 | गै0म0 | परती गड़हा | 0.012 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 59 | 17 | 1396 | गै0म0 | मोटा आर | 0.004 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 60 | 106 | 177 | गै0म0 | झाड़ी जंगल | 0.005 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 61 | 106 | 312 | गै0म0 | झाड़ी जंगल | 0.287 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 62 | 106 | 312 | गै0म0 | झाड़ी जंगल | 0.199 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 63 | 106 | 1338 | गै0म0 | परती कदीम | 0.015 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 64 | 106 | 1689 | गै0म0 | परती कदीम | 0.014 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 65 | 106 | 1727 | गै0म0 | नाला | 0.046 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 66 | 106 | 1341 / 1741 | गै0म0 | बड़ा जंगल | 0.012 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 67 | 106 | 1316 / 1749 | गै0म0 | बड़ा जंगल | 1.501 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 68 | 106 | 1316 / 1749 | गै0म0 | बड़ा जंगल | 0.674 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 69 | 106 | 1652 / 1750 | गै0म0 | बड़ा जंगल | 0.406 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 70 | 106 | 1652 / 1750 | गै0म0 | बड़ा जंगल | 0.168 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 71 | 106 | 1317 / 1751 | गै0म0 | बड़ा जंगल | 0.89 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 72 | 106 | 1317 / 1751 | गै0म0 | बड़ा जंगल | 0.062 | गैरमजरूआ मालिक | | | | | | | | |
| 73 | 107 | 1409 | गै0म0 | रास्ता | 0.01 | गैरमजरूआ आम | | | | | | | | |
| 74 | 107 | 1686 | गै0म0 | रास्ता | 0.039 | गैरमजरूआ आम | | | | | | | | |
| | | कुल | | | 7.205 | | | | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा –15(1) में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन सिमडेगा | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा | अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा | उपायुक्त, सिमडेगा।

PR.NO.338409 Simdega(24-25):D

# पंडालों के पट खुले, मां के दर्शन को उमड़े शहरवासी


कदमा फार्म एरिया में बने भव्य पंडाल और उसके सामने का फव्वारा दर्शकों को लुभा रहा है और कदमा फार्म एरिया पंडाल में स्थापित प्रतिमा (इनसेट)।


एयर बेस कालोनी कदमा में बना दुर्गापूजा पंडाल और एयरबेस कालोनी कदमा में स्थापित प्रतिमा (इनसेट)।


बारीडीह मार्केट में बना भव्य दुर्गापूजा पंडाल और बारीडीह पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा (इनसेट)।


एग्रिको क्लब हाउस परिसर में बना भव्य दुर्गापूजा पंडाल। यह पंडाल 75 फीट ऊंचा है और एग्रिको क्लब हाउस पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा (इनसेट)।


इवनिंग क्लब टिनप्लेट में बना भव्य दुर्गापूजा पंडाल और इवनिंग क्लब टिनप्लेट के पंडाल में स्थापित प्रतिमा (इनसेट)।


बागबेड़ा रोड नंबर-4 में बना भव्य पंडाल और बागबेड़ा रोड नंबर 4 के पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा (इनसेट)।


रेलवे कालोनी टाटानगर में बना भव्य पंडाल और रेलवे कालोनी पंडाल में स्थापित प्रतिमा (इनसेट)।

## शेखर डे ने किया तरुण संघ, सोनारी के पूजा पंडाल का उद्घाटन



तरुण संघ, सोनारी के दुर्गापूजा पंडाल का भव्य दृश्य और तरुण संघ के पंडाल का उद्घाटन करते समाजसेवी व श्रीलेदर्स के निदेशक शेखर डे व पूजा कमेटी के पदाधिकारीगण।

स्पीड न्यूज



### पेरिस में भारतीय कलाकार स्वाति घोष को किया गया सम्मानित

**जमशेदपुर।** प्रसिद्ध भारतीय कलाकार स्वाति घोष को पेरिस, फ्रांस में आयोजित एक भव्य समारोह में आर्ट्स-साइंसेस-लेट्रेस सोसाइटी द्वारा प्रतिष्ठित डिप्लोमे दे मेडल दे एतान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 1915 में रेन फ्लेमेंट द्वारा स्थापित इस प्रतिष्ठित शैक्षणिक सोसाइटी द्वारा दिया जाता है, जो कला, साहित्य और विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों को पहचानता है। फ्रांस गणराज्य के राष्ट्रपति के संरक्षण में संचालित इस सोसाइटी का उद्देश्य सांस्कृतिक क्षेत्रों में प्रतिभा और योगदान को प्रोत्साहित करना है। स्वाति घोष इस समारोह में इस प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त करने वाली एकमात्र भारतीय थीं, जिन्होंने भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कला में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान अर्जित किया। उनका अद्वितीय कार्य आधुनिक चित्रकला की सीमाओं को पार करते हुए भारतीय कलात्मक धरोहर को वैश्विक मंच पर ला रहा है।

### दुर्गा पूजा कमेटी ने आइजी अखिलेश झा का किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** सिद्धगोड़ा फूड प्लाजा दुर्गा पूजा कमिटी के पदाधिकारियों के द्वारा कोल्हान रांची के आईजी अखिलेश झा और उनके पत्नी को शॉल और मूमेंटो से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय खां, लड्डू झा और महामंत्री मोहन ठाकुर तथा अन्य गणमान्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### विजया गार्डेन सेंट्रल पूजा कमेटी का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** बारीडीह स्थित विजया गार्डेन सेंट्रल पूजा कमेटी के पूजा पंडाल का उद्घाटन मां दुर्गा के नौ रूप धारण किये छोटे बच्चियों द्वारा किया गया। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष सुब्रतो सरकार ने कहा कि इस भव्य पूजा के आयोजन में हमारे कमेटी के सभी सदस्यों का बहुमूल्य योगदान रहता है।

## एमजीएम के नये भवन में ओपीडी सेवा शुरू करना अव्यावाहिरक : सरयू राय

■ एमजीएम में परेशान हो रहे हैं मरीज, पुराने अस्पताल के मरीजों को भी दिक्कत :सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि एमजीएम कॉलेज अस्पताल के नए भवन में ओपीडी सेवा की शुरूआत करने से एमजीएम के पुराने अस्पताल में प्रबंधकों और मरीजों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुराने अस्पताल में मरीजों के इलाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। नए भवन में ओपीडी सेवा शुरू करने का सरकार का निर्णय अव्यवहारिक है और स्वास्थ्य मंत्री की अदूरदर्शिता एवं निहित स्वार्थी मानसिकता का परिचायक है।

यहां जारी एक बयान में श्री राय ने कहा कि बुधवार की दोपहर उन्होंने एमजीएम कॉलेज का भ्रमण किया। कॉलेज अस्पताल का नया भवन और उसमें शुरू की गई ओपीडी को भी देखा। नये भवन का निर्माण कर रही संस्था एल एंड टी के अभियंताओं से बात की। एमजीएम कॉलेज के प्राचार्य से मिला। मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त से वार्ता भी की।

श्री राय ने कहा कि ओपीडी में कुछ भी नए भवन का अपना नहीं है। डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य सभी कर्मी पुराने एमजीएम अस्पताल के हैं। इतना ही नहीं, वहां लगे टेबुल, कुर्सी, बिस्तर, पर्दे, रक्त संग्रह उपकरण आदि भी पुराने एमजीएम अस्पताल से लाई गई हैं। नए अस्पताल भवन के लिए तो एक पैसे की भी खरीदारी नहीं हुई है। पुराने अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों को नए अस्पताल के ओपीडी में लाने से पुराने और असली कॉलेज की कार्यक्षमता पर भी विपरीत असर पड़ा है, वहां मरीजों की चिकित्सा प्रभावित हुई है। श्री राय ने कहा , एल एंड टी के अभियंताओं ने मुझे बताया कि अभी तक भवन का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। भवन का अस्पताल विंग का निर्माण भी अधूरा है। भवन को अभी तक कॉलेज अस्पताल प्रबंधन को स्थानांतरित नहीं किया गया है। अभी इसमें समय लगेगा।

श्री राय का दावा है कि उन्हें मानगो नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि भवन के लिए ऑक्यूपेंसी (उपयोगिता) प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है। नए भवन में पानी की व्यवस्था नहीं है। यहां अस्पताल संचालन के लिए 5 लाख लीटर पानी की खपत प्रतिदिन होगी जिसमें से 3 लाख लीटर पानी नगर निगम से मिलेगा। नगर निगम मानगो के रिहायशी इलाकों की जलापूर्ति में कटौती करने के लिए तैयार नही है। इसका नतीजा हुआ है कि अस्पताल के लिए जलापूर्ति का स्रोत तलाशने के लिए परामर्शी नियुक्त करने की बात सरकार में चल रही है। अर्थात नए भवन में अस्पताल चलाने के लिए पानी का बन्दोबस्त करने में कम से कम दो साल का समय लगेगा। ऐसी स्थिति में यहाँ ओपीडी सेवा शुरू करने आम जनता को धोखा देना है। इस धोखाधड़ी के लिए मुख्यतः राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ज़िम्मेदार हैं जिन्होंने चुनावी लाभ के लिए झांसा देकर मुख्यमंत्री से ओपीडी का उद्घाटन कराया।

## झारखंड रिलायंस जियो बीपी पेट्रो ने विजेता को एक लाख का गोल्ड वाउचर दिया गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आरबीएमएल दो प्रतिष्ठित ब्रांडों, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और ब्रिटिश पेट्रोलियम (बीपी) के बीच एक संयुक्त उद्यम है जो देश भर में अत्याधुनिक ईंधन खुदरा बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए तैयार है। आरबीएमएल टीम अपने रिलायंस आउटलेट पर आने वाले मूल्यवान ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। यह बेहतर सेवाएं प्रदान करने और अपने नियमित ग्राहकों को सम्मानित करने के लिए विभिन्न आकर्षक योजनाएँ चलाता है। आज पूरे झारखंड में चल रहे पेट्रोल भरो सोना जीतो योजना के तहत रिलायंस जियो के सभी पेट्रो आउटलेट में गोला, रामगढ़ के तिलचंद महथा भाग्यशाली विजेता बने और उन्हें रुपये का गोल्ड वाउचर प्रदान किया गया। एक लाख रुपये से वह किसी भी रिलायंस ज्वेल्स आउटलेट से कोई भी आभूषण खरीद सकता है। वह रिलायंस जियो के गोला आउटलेट का नियमित ग्राहक था।

## विधानसभा निर्वाचन को लेकर उड़नदस्ता चेकनाका टीम, वी.वी.टी को मिला प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार आसन्न विधानसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर उड़नदस्ता, चेकनाका टीम, वी.वी.टी (वीडियो व्यूइंग टीम) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्रशिक्षण सत्र को पी.डी आई.टी.डी.ए श्री दीपांकर चौधरी एवं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान ने संबोधित किया तथा प्रशिक्षणार्थियों को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह उपस्थित रहीं। उड़नदस्ता दल (एफएसटी) को व्यय लेखा नियंत्रण के तहत की जाने वाली कार्रवाई के अतिरिक्त आदर्श आचार संहिता के मामले पर भी कैसे नियंत्रण रखना है?

## महासप्तमी : पंडालों का निरीक्षण करने बाइक से निकले डीसी-एसएसपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


बाइक से पंडालों में क्राउड मैनेजमेंट का निरीक्षण करने जाते एसएसपी किशोर कौशल व डीसी अनन्य मित्तल। साथ में सिटी एसपी ऋषभ गर्ग।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल, सीनियर एसपी किशोर कौशल व सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने शारदीय नवरात्र की सप्तमी के अवसर पर जमशेदपुर शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के संधारण का जायजा लिया। इस दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों ने साक्ची स्थित सी.सी.आर (कम्पोजिट कंट्रोल रूम) से भी शहर में विधि व्यवस्था संधारण का अवलोकन किया। सभी प्रमुख चौक चौराहों में लगे सीसीटीवी से श्रद्धालुओं की भीड़ की निगरानी को लेकर पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये । ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा की गई।

जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा पंडाल निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने को लेकर मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । इस दौरान उन्होने साक्ची, बिष्टुपुर, रानीकुदर, कदमा में रंकिणी मंदिर, गणेश पूजा मैदान, सोनारी में कागलनगर व तरूण संघ पूजा पंडालों का जायजा लिया। डीसी ने प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को दुरस्त रखें, श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखा जाए, पार्किंग स्थलों में ही श्रद्धालु वाहन लगाएं जिससे आवागमन सुगम बना रहे। उन्होंने जिलावासियों से सौहार्द्रपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील करते हुए विधि व्यवस्था संधारण में सहयोग की अपील की। एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को लेकर बड़े पूजा पंडालों में पूजा समितियों द्वारा महिला-पुरूष के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार तथा निकास द्वार निर्धारित किया गया है।

एक नजर में

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने 534 लाभुकों के बीच बांटा पेंशन स्वीकृति पत्र




**जमशेदपुर।** कदमा कांग्रेस कार्यालय में स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने वृद्ध,विधवा एवं दिव्यांगजनों के बीच सर्वजन पेंशन योजना के तहत 534 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट के साथ स्वच्छता बाल्टी दिया। इस के साथ ही मंत्री बन्ना गुप्ता ने पार्टी के कार्यकताओं को निर्देश दिया है कि वे क्षेत्र में घूम घूम कर झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाएं (18 से 50 साल के महिलाओं) के लिए मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना एवं (वृद्धा, विधवा, सर्वजन, एकल महिला, विकलांग ) योजना में जो व्यक्ति छूट गए हैं ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें इन योजनाएं से लाभांवित करें। इस दौरान मनोज झा, भोलेनाथ गोस्वामी, बबुआ झा, विजेंद्र तिवारी,संजय तिवारी, अमित कुमार,सोंटी रजक, धनू महतो, इरशाद हैदर, विशु कुमारी, माजिद अख्तर, मुकेश रजक, बाबू प्रमाणिक, राजा मंडल व कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रेलवे कालोनी आदित्यपुर-2 में चंपई सोरेन ने किया पूजा पंडाल का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा मंडप रेलवे कॉलोनी आदित्यपुर-2 पूजा पंडाल का उद्घाटन समारोह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री चंपई सोरेन, विशेष अतिथि डॉ पीके सिंह (पूर्व ए.सी.एम.एस रेलवे अस्पताल आदित्यपुर) ने आज शाम को किये। इस अवसर पर सभी भक्त, रेलवे कॉलोनी के लोग और समिति के पदाधिकारीगण मोहित कुमार व साथी उपस्थित थे। मंच का संचालन शांतनु सदस्य ने किया। मौके पर पूजा समिति के सचिव एके महाकुड, जय प्रकाश शर्मा, कैशियर टीके साहा, गोबिंदो बसई, भोला प्रसाद, रॉबिन बसई, राजू मुखी, अभिषेक कुमार, परमेश्वर प्रधान, सुभाष करवा, लालटू दास, शिव शंकर वर्मा, मिंटू, बबलु ओझा, दुखु प्रधान, पुनित राव, राजू राव, श्री टुनटुन आदि उपस्थित थे। दुर्गा मां के दशमी के दिन (विसर्जन के दिन 13 अक्टूबर को)सिन्दूर दान खेला सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक 13 अक्टूबर को और उसके बाद मूर्ति विसर्जन 13 अक्टूबर को किया जायेगा।

### सांसद जोबा माझी ने मनोहरपुर में तीन दुर्गा पूजा पंडालों का किया उद्घाटन



**मनोहरपुर।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने बुधवार को मनोहरपुर प्रखंड में तीन दुर्गा पूजा पंडालों का उद्घाटन किया। पूजा पंडाल उद्घाटन के साथ ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिये गये। सांसद ने जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजीत यादव व एसडीपीओ जयदीप लकड़ा की उपस्थिति में मनोहरपुर हाजरा देवी स्थान दुर्गा पूजा पंडाल, संत नरसिंह आश्रम दुर्गा पूजा पंडाल एवं साइडिंग दुर्गा पूजा समिति दुर्गा पूजा पंडाल का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर सांसद जोबा माझी ने मां के दरबार में माथा टेक आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भगवती मां दुर्गा से क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि की कामना की। वहीं सांसद ने लोगों से दुर्गा पूजा का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने एवं दुर्गा पूजा की बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर हाजरा पूजा कमेटी के पदाधिकारी राजकुमार सिंह, अश्वनी बघेल, अभयशूल पाणि, विजय यादव, सूरज गुप्ता, अमित राज, राधेश सिंह, संत नरसिंह आश्रम दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी अरविंद गुप्ता, प्रकाश शाह, राजेश हरलालका, मुकेश हरलालका, बसंत हरलालका, सौरभ साह, सुमित साह, विजय सिंह, पिंकी डागा, शुभम पटेल, निखिल साह एवं साइडिंग दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी विनोद सिंह, बब्बू श्रीवास्तव, चंचल रवानी, भवनाथ साहनी आदि भी थे।

# भाजपा के कई पूर्व सांसदों को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी

चुनावी दर्पण: झारखंड

ज्ञानवर्द्धन मिश्र

▸▸ पीएन सिंह को सिंदरी से दिया जा सकता है ऑफर
▸▸ रविंद्र पांडेय को टुंडी से चुनाव लड़ाने पर मंथन




**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड में अपने कई पूर्व सांसदों को विधान सभा के चुनाव में मैदान में उतार सकती है। संथाल परगना पर पार्टी की खास नजर है। फिलवक्त पार्टी के जिन पूर्व सांसदों के नाम राजनीतिक गलियारे में तैर रहे हैं उनमें पी एन सिंह, रविंद्र पांडेय, यदुनाथ पांडे, रविंद्र राय प्रमुख हैं। लोकसभा चुनाव में इन लोगों को दरकिनार करने से इनके समर्थकों की नाराजगी और उनमें व्याप्त मायूसी का खामियाजा पार्टी भुगत चुकी है। इन लोगों को मैदान में उतार कर पार्टी एक तीर से दो निशाना साधने फिराक में बताई जाती हैं। प्रथम लोकसभा चुनाव में गड़बड़ाई जातीय समीकरण की राजनीति को साधा जा सकेगा तो दूसरी इन लोगों की जीत में कोई बाधा आड़े नहीं आयेगी। रूठे कार्यकर्ता भी मान जायेंगे। सबसे महत्वपूर्ण चुनाव मैदान में उतरने को आतुर सड़कों पर उतरे समाजसेवियों की बाढ़ को भी भाजपा बांधने में सफल हो जाएगी। पार्टी के अंदरखाने में चल रही चर्चा के अनुसार धनबाद के पूर्व सांसद पीएन सिंह का लोकसभा में टिकट कटने से नाराज प्रभावशाली जातीय समीकरण के मद्देनजर इन्हें विधान सभा के चुनाव में भी उतारा जा सकता है। श्री सिंह धनबाद विधान सभा क्षेत्र से कई बार निर्वाचित होते रहे हैं। लेकिन इस बार उन्हें सिंदरी का आफर दिया जा सकता है। बीते लोकसभा चुनाव में श्री सिंह का टिकट कटने पर उफनाए राजनीतिक बवाल को शांत करने के लिए भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई को कई बार धनबाद जिले के विभिन्न भागों में बैठक करनी पड़ी थी। चूंकि धनबाद से राज सिन्हा पार्टी के विधायक हैं इसलिए यहां फेर बदल की गुंजाइश न के बराबर है। सबसे बड़ी बात हजारीबाग से उनके स्वजातीय जयंत सिन्हा का लोकसभा में टिकट कटने से चित्रांश समाज में उपन्न नाराजगी को दूर भी करना है। कायस्थ समाज भाजपा का पुराना वोट बैंक रहा है। ब्राह्मण कोटे से रविंद्र

## पीएन सिंह, यदुनाथ पांडे, रविंद्र राय व रविंद्र पांडेय का नाम चर्चा में

पांडेय को टुंडी क्षेत्र से चुनाव लड़ाने पर मंथन होने की खबर है। गिरिडीह जिले के राजधनवार के लिए रविंद्र राय पुराने चेहरे हैं। पार्टी इन्हें वहां उतार सकती है।निरसा क्षेत्र में भी बदलाव के कम आसार हैं। सूत्रों के मुताबिक पार्टी एक एक सीट पर गंभीर चिंतन कर रही है और धन बल वाले को दरकिनार कर मैन पावर वाले पार्टी के प्रति समर्पित उम्मीदवारों को तजबीज रही हैं।पार्टी की रीति नीति रही हैं कि संभावित प्रत्याशियों के नाम की अनुशंसा जिला स्तर से पार्टी फोरम एवम इलाके के सांसद की रहे। लेकिन इस बार इसमें बदलाव के आसार हैं। पार्टी के झारखंड बिहार के इंचार्ज संगठन महामंत्री




नागेंद्रनाथ जी और झारखंड के महामंत्री कर्मवीर अपने स्तर से पड़ताल कर नाम की सिफारिश करेंगे। पार्टी का मुख्य लक्ष्य सूबे में 45 सीटों पर किला फतह कर अपनी सरकार का गठन करना है।

# हरियाणा ने बता दिया देश का मिजाज

## हिंदू समाज को जाति के आधार पर बांटने की राजनीति करती है कांग्रेस : मोदी

एजेंसी

▸▸ महाराष्ट्र में 7600 करोड़ की कई विकास योजनाओं का पीएम ने शिलान्यास किया
▸▸ मुसलमानों की जाति की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर लग जाता है ताला

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र की कई विकास परियोजनाओं की आधारशीला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मुसलमानों की जाति की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर ताला लग जाता है लेकिन हिंदू समाज की बात आते ही वह चर्चा जाति से ही शुरू करती है क्योंकि वह जानती है कि हिंदू जितना बंटेगा, उतना ही उसका फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है और भारत में जहां भी चुनाव होते हैं, वह इसी फार्मूले को लागू करती है। महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आधारशिला रखने के बाद मोदी ने विश्वास जताया कि समाज को तोड़ने की इस कोशिश को राज्य की जनता नाकाम करेगी। उन्होंने इस सरकारी कार्यक्रम में महाराष्ट्र के लोगों से देश के विकास को सर्वोपरि रखते हुए और एकजुट होकर भाजपा और उसके गठबंधन महायुतिके पक्ष में मतदान करने की अपील की। हरियाणा के चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इसने बता दिया है कि आज देश का मिजाज क्या है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था लेकिन उसकी सारी साजिशें ध्वस्त हो गईं। उन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की लेकिन दलित समाज ने उनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीन कर अपने वोट बैंक को बांटना चाहती है। उन्होंने कहा कि


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलते हरियाणा के सीएम सैनी


हरियाणा के दलित वर्ग ने भाजपा का रिकॉर्ड समर्थन किया तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) ने भी भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि किसानों और नौजवानों को भड़काने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन हरियाणा की जनता ने दिखा दिया कि वह अब कांग्रेस और अर्बन नक्सल के नफरत के षड्यंत्र का शिकार नहीं होने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से सांप्रदायिक और जातिवाद का चुनाव लड़ती है। हिंदू समाज को तोड़कर उसे अपनी जीत का फॉर्मूला ।बनाना, यही कांग्रेस की राजनीति का आधार है। कांग्रेस भारत के 'सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय' की परंपरा का दमन कर रही है, सनातन परंपरा का दमन कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति है, हिंदुओं की एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाओ। कांग्रेस जानती है कि जितना हिंदू बंटेगा, उतना ही उसका फायदा होगा। कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है, ताकि वो उस पर राजनीतिक रोटियां सेंकती रहे। भारत में जहां भी चुनाव होते हैं, वहां कांग्रेस यही फॉर्मूला लागू करती है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि हमेशा बांटों और सत्ता पाओ के फार्मूले पर चलने वाली कांग्रेस ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह एक गैर-जिम्मेदार दल बन गया है। उन्होंने कहा कि वह अभी भी देश को बांटने के लिए नए-नए विमर्श गढ़ रही है...कांग्रेस के एक भी नेता ने आज तक कभी नहीं कहा कि हमारे मुस्लिम भाई-बहनों में कितनी जातियां होती हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए इतनी बेचैन है कि हर रोज नफरत की राजनीति कर रही है और कांग्रेस की पुरानी पीढ़ी के नेता भी बेबस और असहाय हैं।

## स्पीड न्यूज

### डीएसपी जियाउल हक हत्याकांड में 10 को उम्रकैद की सजा

**लखनऊ।** लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने बुधवार को बहुचर्चित पुलिस उपाधीक्षक जियाउल हक की हत्या में आरोपित बनाये गये फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटेलाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी, जगत बहादुर पाल उर्फ बुल्ले पाल को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वर्ष 2013 में प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा सर्किल में पुलिस उपाधीक्षक पद पर तैनात जियाउल हक की लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी गयी थी। आरोपितों पर 15-15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। जुमार्ने की प्राप्त राशि में से 50 फीसदी जियाउल हक की पत्नी परवीन को देय होगा।

### फिल्म भूल भुलैया 3 का ट्रेलर रिलीज




**जयपुर।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है।अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म भूल भुलैया 3 का ट्रेलर राज मंदिर में लॉन्च किया गया है। एक बार फिर रुह बाबा बन कार्तिक आर्यन उस भूतिया हवेली से भूत को भगाने और कुछ अनसुलझे राज को सुलझाते दिखेंगे। ट्रेलर में मंजुलिका बनीं विद्या बालन का खौफनाक रूप देखने लायक है।

### अरुणाचल में भूस्खलन से चार लोगों की मौत

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पापूम पारे जिला के कार्सिंगस में बुधवार की सुबह भारी बारिश के कारण अरुणाचल प्रदेश परिवहन सेवा (एपीएसटीएस) की केंद्रीय कार्यशाला की दीवार ढह जाने से चार लोगों की जान चली गई और तीन अन्य घायल हो गए।

### पुत्र की हार से भावुक हुए कुलदीप बिश्नोई

**हिसार।** हरियाणा में हिसार जिले की आदमपुर विधानसभा सीट से पहली बार पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के परिवार के किसी सदस्य की हार के बाद कुलदीप बिश्नोई समर्थकों को संबोधित करते हुये बुधवार को भावुक हो गये और रो पड़े। श्री बिश्नोई को रोते देखकर समर्थकों ने चौधरी भजनलाल अमर रहें के नारे लगाये। पुत्र भव्य ने पिता को सांत्वना दी। आदमपुर सीट पर पहली बार 1967 में भजनलाल जीते थे। तब से लेकर अब तक इस सीट पर भजनलाल परिवार के सदस्य ही जीतते आये हैं।

# हिजबुल्लाह के 50 से ज्यादा आतंकी मारे गये

**तेलअवीव।** इजरायली सेना ने मंगलवार को दावा किया कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह के कई अंडरग्राउंड कमांड सेंटर पर हवाई हमले किए जिसमें 50 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने मंगलवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह के दक्षिणी फ्रंट के दर्जनों भूमिगत कमांड सेंटर को तबाह कर दिया गया। इन सेंटर्स में इजरायल के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने वाले कमांडर तैनात थे समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हगारी ने कहा कि हिजबुल्लाह के दक्षिणी फ्रंट और राडवान फोर्सेज के छह सीनियर कमांडर मारे गए। इनमें अली

### इजरायल के हमले में लेबनान में दर्जनों कमांड सेंटर तबाह

अहमद इस्माइल और अहमद हसन नाजल भी शामिल थे। इस्माइल बिंट जेबिल इलाके में तोपखाने का कमांडर था। वहीं नाजल, हिजबुल्लाह की स्पेशल कमांडो यूनिट, राडवान फोर्सेज के लिए बिंट जेबिल में अटैक सेक्टर की कमान संभालता था। आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा कि हिजबुल्लाह के दक्षिणी फ्रंट ने साउथ लेबनान में अंडरग्राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर और कमांड सेंटर्स का एक 'व्यापक' नेटवर्क बनाया है। इस नेटवर्क का इस्तेमाल जमीनी लड़ाई के दौरान आईडीएफ सैनिकों पर अटैक करने और इजरायल में लोगों पर हमले करने के लिए किया जाता है।

## हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने दिया भाजपा को समर्थन, संख्या हुयी 51

**चंडीगढ़।** हरियाणा के तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही विधानसभा में भाजपा समर्थित विधायकों की संख्या 51 हो गई है। भाजपा को समर्थन देने वालों में दो ने भाजपा से तो एक ने कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ा था। दिलचस्प बात यह है कि तीनों ही निर्दलीय कांग्रेस प्रत्याशियों को हराकर विधानसभा में पहुंचे हैं। प्रदेश विधानसभा के लिए मंगलवार को घोषित हुए परिणाम में तीन विधायक निर्दलीय जीतकर पहुंचे हैं। सोनीपत जिले की गन्नौर सीट से देवेंद्र कादयान को भाजपा द्वारा टिकट नहीं दिए जाने पर वह बागी होकर चुनाव मैदान में उतरे थे। देवेंद्र कादियान ने यहां कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप शर्मा को मात दी है।

# बेकर, जंपर और हसाबिस को मिलेगा रसायन नोबेल पुरस्कार

एजेंसी

**स्टॉकहोम।** रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए 2024 का नोबेल पुरस्कार प्रोटीन के अध्ययन के क्षेत्र में नयी दिशाएं दिखाने वाले अमेरिकी वैज्ञानिक डेविड बेकर, जॉन जम्पर और ब्रिटिश वैज्ञानिक के. डेमिस हसाबिस को देने की घोषणा की गयी है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को इस पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा है कि इस साल ये पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को दो हिस्सों में दिए जाएंगे। पहला हिस्सा डेविड बेकर को मिला है, जिन्होंने नई तरह के प्रोटीन के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। वैज्ञानिक बेकर ने

### अमेरिकी वैज्ञानिक डेविड बेकर ने नयी तरह के प्रोटीन के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है

एक ऐसी विधि निकाली है जो वैज्ञानिकों को नियंत्रित दशाओं में प्रोटीन बनाने का अवसर देती है। वैज्ञानिक बेकर के अनुसंधान ने औषधियों विकास, एंजाइम इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान में नए रास्ते दिखाए हैं। पुरस्कार का दूसरा हिस्सा डेमिस हसबिस और जॉन एम. जंपर को प्रोटीन संरचना की भविष्यवाणी संबंधी नवाचारों के लिए दिया गया है। मंगलवार को भौतिकी के नोबेल एआई के गॉडफादर जैफ्री ई. हिंटन और अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन जे. होपफील्ड को देने की घोषणा की गयी।

# आयुर्वेद के खिलाफ भ्रामक दावे करने वालों पर हो कार्रवाई

एजेंसी

## आदिवासी समाज में जड़ी-बूटियों की परंपरा रही है समृद्ध : राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में लोगों की अटूट आस्था का फायदा उठाकर आयुर्वेद के नाम पर झूठे और भ्रामक दावे करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया है।

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के आठवें स्थापना दिवस समारोह में बुधवार को राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद की प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान में निवेश, दवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और आयुर्वेद के अध्ययन से संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के सशक्तीकरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। यह दुनिया को भारत का अमूल्य उपहार है। आयुर्वेद मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखते हुए समग्र स्वास्थ्य




प्रबंधन पर जोर देता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हम हमेशा से अपने आसपास के पेड़-पौधों के औषधीय महत्व के प्रति जागरूक रहे हैं और उनका उपयोग करते रहे हैं। आदिवासी समाज में जड़ी-बूटियों और औषधीय पौधों के ज्ञान की परंपरा और भी समृद्ध रही है लेकिन जैसे-जैसे समाज आधुनिकता को अपनाता गया और प्रकृति से दूर होता गया, हमने उस पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करना बंद कर दिया। घरेलू उपचार अपनाने की तुलना में डॉक्टर से दवा लेना आसान हो गया। अब लोगों में जागरुकता बढ़ रही है। आज पूरी दुनिया में इंटीग्रेटिव सिस्टम ऑफ मेडिसिन का विचार लोकप्रिय हो रहा है। विभिन्न चिकित्सा प्रणालियां एक-दूसरे की पूरक प्रणालियों के रूप में लोगों को स्वास्थ्य प्रदान करने में मदद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के प्रति हमारा पीढ़ी दर पीढ़ी का अटूट विश्वास है। इसी विश्वास का लाभ उठा कर कुछ लोग भोली-भाली जनता का नुकसान करते हैं। भ्रामक प्रचार और झूठे दावे करते हैं। ये लोग न केवल जनता के पैसे और स्वास्थ्य का नुकसान करते हैं बल्कि आयुर्वेद को भी बदनाम करते हैं। ऐसे लोगों के प्रति कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। साथ ही बड़ी संख्या में चिकित्सकों की आवश्यकता है जिससे सामान्य लोगों को अशिक्षित चिकित्सकों के पास न जाना पड़े। इस संदर्भ में आयुष्मान आरोग्य मंदिर एक महत्वपूर्ण पहल है। पिछले कुछ वर्षों में देश में आयुर्वेद कॉलेजों और उनमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।


### आयुर्वेदिक डॉक्टरों की संख्या और बढ़ेगी

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में योग्य आयुर्वेदिक डॉक्टरों की उपलब्धता और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का विकास न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि पशुओं और पर्यावरण के लिए भी लाभकारी होगा। बहुत से पेड़-पौधे इसलिए विलुप्त हो रहे हैं क्योंकि हमें उनकी उपयोगिता के बारे में पता नहीं है। जब हम उनका महत्व जानेंगे तो उनका संरक्षण करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि अलग-अलग चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोग अक्सर दावा करते हैं कि उनकी पद्धति सबसे अच्छी है। आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होना अच्छी बात है लेकिन एक-दूसरे की आलोचना करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। अलग-अलग चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोगों के बीच सहयोग की भावना होनी चाहिए।

प्रकाशित




पाटन छतरपुर बिधानसभा क्षेत्रवासियों समेत समस्त झारखंड वासियों को नवरात्रि दुगार्पूजा व दशहरा की मंगलमय शुभकामनायें।



निरंजन पासवान
जिला कार्य समिति सदस्य भाजपा
सह भावी प्रत्याशी पाटन छतरपुर
बिधान सभा क्षेत्र।

पाटन थाना क्षेत्रवासियों समेत समस्त झारखण्डवासियों को नवरात्रि दुर्गा पूजा व दशहरा की मंगलमय शुभकामनायें।



लालजी
थाना प्रभारी
पाटन पलामू।

चियांकी सहित पलामू के समस्त पूजा समीति सदस्यों, जदयू नेताओं कार्यकताओं और समस्त झारखण्डवासियों को नवरात्रि दुगार्पूजा व दशहरा की मंगलमय शुभकामनायें।



रविंद्र देव चरण
उर्फ बब्बर लाला
जदयू प्रदेश सचिव
सह अध्यक्ष
दुर्गा पूजा समिति चियांकी
जय मां भगवती संघ
चियांकी अध्यक्ष।

